

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

RNI No. CHHHIN/2009/35020

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 172 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, गुरुवार 27 अप्रैल 2023





पेज -4 पर बगीचा एसडीओपी ने जिला पंचायत सदस्य गेंद बिहारी पे वार नहीं किया ...

देवरी पाली जलाशय की मरम्मत 15 दिवस में निराकरण नहीं हुआ ... पेज -8 पर



JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


# दंतेवाड़ा में बड़ा नक्सली हमला : 11 जवान शहीद









**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा से बड़ी खबर निकलकर सामने आई है, जहां पर नक्सलियों ने बड़े हमले को अंजाम दिया है। नक्सलियों के इस हमले की वजह से डीआरजी के 11 जवानों की शहादत हुई हैं। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी है और इसे नक्सलियों की बौखलाहट बताया है।

### पेट्रोलिंग पर निकले थे जवान

जानकारी के मुताबिक दंतेवाड़ा के अरनपुर में नक्सली हमला हुआ है, जिसमें 11 जवान शहीद हो गए हैं। सभी जवान डीआरजी के थे और पेट्रोलिंग पर निकले हुए थे, इसी दौरान घात लगातार बैठे नक्सलियों ने जवानों की गाड़ी पर आई ई डी बम से हमला किया। इस हमले की वजह से हुए धमाके में डीआरजी जवानों को लेकर निकली गाड़ी उड़ गई और सवार सभी जवान शहीद हो गए।



खबर यह भी है कि उनके साथ बाइक पर भी आगे—पीछे कुछ और जवान चल रहे थे, लेकिन माओवादियों ने उस वाहन को टारगेट किया, जिसमें डीआरजी के 11 जवान सवार थे। इस हमले के बाद बाइक सवार

## पेट्रोलिंग से लौटते वक्त बम से उड़ाई गाड़ी

जवानों ने मोर्चा संभाला, लेकिन हमले के तत्काल बाद ही नक्सली मौके से भाग निकले। इस घटना की सूचना के तत्काल बाद दंतेवाड़ा मुख्यालय को सूचित किया गया है, जहां से एम्बुलेंस और बैकअप फोर्स को रवाना कर दिया गया ।

### शहीद जवानों के नाम

प्रधान आरक्षक जोगा सोढ़ी,प्रधान आरक्षक मुन्ना राम कडती,प्रधान आरक्षक संतोष लामो,आरक्षक दुल्लो मंडावी,आरक्षक लखमू मरकाम, आरक्षक जोगा कवासी,आरक्षक हरिराम मंडावी,गोपनीय सैनिक राजू राम करटम,गोपनीय सैनिक जयराम पोडियाम,गोपनीय सैनिक जगदीश कवासी और् वाहन चालक धनीराम यादव हैं।

### गृहमंत्री शाह ने सीएम भूपेश से की बात... हरसंभव सहयोग की कही बात

दंतेवाड़ा में नक्सली हमले और 11 जवानों की शहादत को लेकर केंद्र सरकार ने संज्ञान लिया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इस मामले को लेकर तत्काल मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से चर्चा की है। फोन पर हुई चर्चा में इस गंभीर मसले को लेकर केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को नक्सल मोर्चे पर और भी सख्ती के लिए कहा है, तो वहीं हर संभव सहयोग के लिए भी आश्वस्त किया है।

## एक नजर

### धर्मांतरण पर बवाल

## 13 भाजपाइयों को किया जाएगा रिहा



**बस्तर।** नारायणपुर में धर्मांतरण के मामले को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष रूपसाय सलाम समेत 13 भाजपाइयों को गिरफ्तार किया गया था। जिन्हें जगदलपुर के सेंट्रल जेल से आज रिहा कर दिया जाएगा, लेकिन जिला अध्यक्ष रूपसाय सलाम को हाईकोर्ट ने बेल देने से इनकार कर दिया है। 13 भाजपा नेता को हाईकोर्ट से सुनवाई के बाद जमानत मिल गई है। और अब लोअर कोर्ट में प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें छोड़ दिया जाएगा।

# मुख्यमंत्री ने शहरवासियों को 80 एमएलडी क्षमता के नये जल शुद्धिकरण संयंत्र की दी सौगात

## छत्तीसगढ़ के पहले जीरो वेस्ट, अत्याधुनिक वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का लोकार्पण

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर दक्षिण विधानसभा में भेंट-मुलाकात के दौरान भाठागांव में 80 एमएलडी क्षमता के नये जल शुद्धिकरण संयंत्र का लोकार्पण कर शहरवासियों को बड़ी सौगात दी। यह संयंत्र छत्तीसगढ़ का पहला जीरो वेस्ट, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट है। कार्यक्रम में उन्होंने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए नगर निगम रायपुर के 9 बैक हो लोडर गाड़ियों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।




अत्याधुनिक जल शोधन संयंत्र लगभग 15 करोड़ 86 लाख रूपये की लागत से तैयार किया गया है। इस संयंत्र का संचालन लैमेला ट्यूब सेटलर पद्धति से किया जाएगा। यह पूरी तरह से स्वचलित प्रणाली पर आधारित है। संयंत्र से प्राप्त जल से शहर के देवेन्द्र नगर, मोतीबाग, नलघर, बैरनबाजार, संजय नगर तथा मठपुरैना के छह बड़ी टंकियों को भरा जाएगा और जिससे शहर की बड़ी आबादी को शुद्ध एवं साफ पेयजल उपलब्ध हो पायेगा।

मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित जल शोधन संयंत्र के संचालन की पूरी प्रक्रिया और तकनीकी जानकारियां ली और कंट्रोल रूम का अवलोकन भी किया। इस मौके पर भी उन्होंने भाठागांव में ही दो पूराने जल शोधन संयंत्रों के उन्नयन के बाद इसे लोकार्पित किया। इन पूराने जल शोधन संयंत्रों की क्षमता बढ़ाई गई है।

### राजधानी को टैंकर मुक्त करने में मिलेगी मदद

*नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि नवनिर्मित जल शोधन संयंत्र से राजधानी रायपुर को टैंकर मुक्त कर पर्याप्त पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके साथ ही पुराने शोधन यंत्रों के आधुनिकीकरण और क्षमता विस्तार से भी राजधानी टैंकर मुक्त हो सकेगी।*

# नक्सली हमले पर बीजेपी ने बघेल सरकार को घेरा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर में नक्सलियों द्वारा जवानों की गाड़ी को बम से उड़ा देने की घटना को भाजपा ने गंभीरता से लिया है। विदित हो कि आज घटी इस घटना में 10 जवान और एक वाहन चालक शहीद हो गए हैं।

नक्सल घटना पर पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, आज की घटना बेहद दुर्भाग्यजनक है। राज्य सरकार कहती है नक्सल समस्या समाप्त हो रही है। ऐसे समय में ये घटना होना 11 जवानों का शहीद होना अलार्मिंग है। नक्सली विधायक को निशाना बना रहे हैं। मुखबिर के शक में आम लोगों की हत्या कर रहे हैं। सड़क निर्माण में लगी वाहनों को जला रहे हैं। सरकार ने नक्सलवाद को गंभीरता से नहीं लिया। ये घटना





उसी का परिणाम है।

उन्होंने कहा - मुख्यमंत्री को अपना दरबार लगाने से फुर्सत नहीं है। गृहमंत्री को छत्तीसगढ़ के बारे में कुछ पता नहीं होता। शासन-प्रशासन पंगु बनकर रहेगा और जवानों की शहादत होगी तो इसके लिए जनता सरकार को माफ नहीं करेगी। मैं शहीद जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं। उन्होंने कहा जवानों की शहादत बेकार नहीं जाएगी। ईधरभारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने बस्तर में नक्सलियों द्वारा किए गए ब्लास्ट में 11 जवानों की शहादत को नमन करते हुए इस घटना पर गहरा दुख्ख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि, लगातार बढ़ती नक्सली हिंसा से बस्तर में चहुंओर आतंक का माहौल है। नक्सलियों के इस कायराना कृत्य की जितनी भर्त्सना की जाए, वह कम है। श्री साव ने कहा कि बस्तर की धरती से नक्सलियों का समूल नाश ही हमारे शहीद जवानों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# दिग्गज शराब कारोबारियों के घर फिर ई डी की दबिश

**रायपुर।** बुधवार सुबह ईडी की टीम एक बार फिर छापेमारी पर निकली है। ईडी की यह टीम झारखंड में हुए शराब नीति घोटाले की जांच कर रही है । इस सिलसिले में दो सप्ताह पूर्व रायपुर बिलासपुर के दिग्गज शराब कारोबारियों को घेरे में लिया था। इसी क्रम में आज सुबह खम्हारडीह स्थित अशोका रतन कॉलोनी में एक बार संचालक के निवास पर छापा मारा। करीब दर्जनभर अफसरों की टीम शराब कारोबार में हुए गोलमाल और उनमें बार संचालक की संलिप्तता को लेकर पूछताछ कर रही है। गौरतलब हो कि ईडी ने कोल परिवहन केस में छत्तीसगढ़ में अक्टूबर 2022 से छापेमारी शुरू की है। पहले छापे 40 ठिकानों पर पड़े, जिसमें 4 करोड़ कैश, करोड़ों की संपत्ति और दस्तावेज बरामद किए गए थे। इस मामले में आईएएस समीर विश्नोई, कोयला कारोबारी सुनील अग्रवाल, वकील-कारोबारी लक्ष्मीकांत तिवारी, सूर्यकांत तिवारी और उपसचिव सौम्या चौरसिया के अलावा दो खनिज अफसर भी जेल में हैं।




## मन की बात पर लकमा का बड़ा बयान - फालतू बातों को क्यों सुनें हम

**रायपुर।** इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात का 100वां एपिसोड टेलिकास्ट होने जा रहा है जिसे लेकर बीजेपी जोरों-शोरों कर रही है। 100वें एपिसोड को खास बनाने के लिए 100 रुपए का सिक्का भा लांच किया जाना है। लेकिन इसी बीच छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा का बड़ा बयान सामने आया है। पीएम के मन की बात को लेकर कवासी लखमा ने कहा कि फालतू बात को क्यों सुने हम, हमें कोई और काम नहीं? आगे उन्होंने कहा कि 15 लाख रुपए काला धन मिले तो सुनेंगे।

# कोरोना की चपेट में अब आईएएस अधिकारी भी, होम आईसोलेशन में चल रहा है इलाज..

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कोरोना का संक्रमण काफी तेज है। प्रदेश में अभी भी पॉजेटिविटी रेट 8 से 10 से करीब है। इन सबके बीच कोरोना की चपेट में लगातार खास लोग भी आ रहे हैं। छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा सचिव भुवनेश यादव कोरोना संक्रमित हो गये हैं। होम आइसोलेशन में उनका इलाज चल रहा है.

### प्रदेश में कुल 3025 कोरोना मरीज

प्रदेश में मंगलवार को 5782 मरीजों के सैंपल की जांच की गयी, जिसमें से 466 मरीज



संक्रमित मिले। प्रदेश में मंगलवार को 26 जिलों में कोरोना संक्रमित मरीज मिले। कोरोना के अब प्रदेश में कुल मरीज बढ़कर 3025 हो गये हैं। वहीं 1 संक्रमित की मौत भी हुई है। रायपुर में सबसे ज्यादा 53 मरीज मिले हैं।प्रदेश में मंगलवार को बलरामपुर से 2 नारायणपुर से 3, बस्तर से 3, कोंडागांव से 4, गरियाबंद से 4, दंतेवाड़ा से 4, जांजगीर-चांपा से 4, जशपुर से 5. कबीरधाम से 10, गौरेला- पेंड्रा मरवाही से 12, धमतरी से 12, कोरबा से 13. बीजापुर से 13 बिलासपुर से 16, बालोद से 18, महासमुंद से 19, बेमेतरा से 20, रायगढ़ से 21, कांकेर से 26, सूरजपुर से 27, कोरिया से 28, सरगुजा से 29, बलौदाबाजार से 37, राजनांदगांव से 38, दुर्ग से 45, रायपुर से 53 कोरोना संक्रमित पाए गए तथा शेष जिलों में कोरोना का कोई नया मामला नहीं आया है।

# सिविल जज के रिश्तेदार से 20 लाख की ठगी, पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के एक सिविल जज के स्वजन से लगभग 20 लाख रुपये की ठगी में दो साइबर अपराधियों को मंगलवार को छत्तीसगढ़ की पुलिस गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। इन अपराधियों को गिरफ्तार करने छत्तीसगढ़ से तीन सदस्यीय पुलिस की टीम गिरिडीह जिले के फुलची और टुंडी के मनियाडीह थाना क्षेत्र के विशनाटांड़ गांव पहुंची थी। सोमवार को छत्तीसगढ़ की पुलिस टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद से गिरिडीह के फुलची गांव से अजय मंडल नामक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया था। मंगलवार को उसे लेकर पुलिस




टीम मनियाडीह के विशनाटांड़ गांव में पहुंची। इसके बाद अजय मंडल की निशानदेही पर साइबर अपराधी वीरेंद्र मंडल को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

इसके बाद गांव की महिलाएं एकजुट होकर छत्तीसगढ़ पुलिस का विरोध करने लगी। महिलाएं वीरेंद्र मंडल को गिरफ्तार कर नहीं ले जाने देने पर अड़ी थीं।

## लोकार्पण.. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जैतू साव मठ में की पूजा-अर्चना, हनुमान बावली का किया दर्शन

# हेरिटेज वाक विकास कार्य का किया लोकार्पण

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में रायपुर दक्षिण विधानसभा में आज भेंट-मुलाकात के लिए निकले मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने जैतू साव मठ में पूजा-अर्चना की। उन्होंने पास ही स्थित हनुमान बावली का दर्शन किया। मुख्यमंत्री ने जैतू साव मठ में हेरिटेज वाक विकास कार्य का लोकार्पण भी किया। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा हेरिटेज वाक विकास कार्यों के अंतर्गत एक करोड़ 90 लाख रूपए की लागत से पुरानी बस्ती क्षेत्र के ऐतिहासिक और धार्मिक धरोहरों के सौंदर्यीकरण के साथ बुनियादी सुविधाएं विकसित की गई हैं। रायपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, गौसेवा आयोग के अध्यक्ष महंत श्री रामसुंदर दास, महापौर श्री एजाज ढेबर और रायपुर नगर निगम के सभापति श्री प्रमोद दुबे भी इस दौरान मौजूद थे।



भेंट-मुलाकात के लिए निकले मुख्यमंत्री श्री बघेल के पुरानी बस्ती पहुंचने पर स्थानीय रहवासियों ने फूलमाला पहनाकर, तिलक लगाकर और आरती उतारकर जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने यहां हनुमान बावली का दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने बावली से सटे ऐतिहासिक हनुमान मंदिर में भी पूजा की। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने बावली परिसर में मुख्यमंत्री का तिलक लगाकर, आरती उतारकर तथा गमछा व श्रीफल भेंटकर स्वागत किया। उन्होंने मानदेय में वृद्धि के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने स्मृति चिन्ह भेंटकर मुख्यमंत्री का अभिनंदन भी किया।





### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आदरांजलि दी

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने पुरानी बस्ती में जैतू साव मठ में भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि का कामना की। उन्होंने यहां विराजित राधा-कृष्ण और हनुमान की भी पूजा की। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता आंदोलन का केंद्र रहे जैतू साव मठ परिसर में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर आदरांजलि दी। गौसेवा आयोग के अध्यक्ष महंत श्री रामसुंदर दास और मठ के व्यवस्थापकों ने मुख्यमंत्री को फूलमाला, शाल और श्रीफल भेंटकर स्वागत किया।

# स्तर के लिए आरेंज अलर्ट व रायपुर सहित 10 जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी, आंधी चलने की संभावना

**रायपुर।** बंगाल की खाड़ी से आ रही प्रचुर मात्रा में नमी के चलते बुधवार को भी मौसम में बदलाव देखा जा सकता है. मौसम विभाग की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक आज छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में बारिश होने की संभावना है. इसके साथ ही विभाग ने कुछ जगहों पर गरज चमक के साथ छींटे पड़ने, एक-दो जगहों पर अंधड़ और वज्रपात की भी संभावना जताई है.बीते कुछ दिनों से प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला हुआ है और तापमान में गिरावट के साथ ही मौसम में थोड़ी ठंडकता बनी रही। हालांकि मंगलवार को रायपुर सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में अधिकतम तापमान में गिरावट रहा, लेकिन उमस में बढ़ोतरी हो गई। मौसम विभाग का कहना है



कि बुधवार को इस उमस से राहत मिलने के आसार हैं और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में अंधड़ के साथ ही हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने बस्तर क्षेत्र के लिए आरेंज अलर्ट व रायपुर सहित 10 जिलों के लिए यलो अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि यह पूरा सप्ताह थोड़ा राहत भरा रहने के आसार हैं। संभावना जताई जा रही है कि एक मई से गर्मी में बढोतरी शुरू होगी। मंगलवार सुबह से ही रायपुर सहित प्रदेश भर में आंशिक रूप से बादल छाए रहे, हालांकि आंशिक रूप से बादल छाने की वजह से उमस भी रही। रायपुर का अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से छह डिग्री सेल्सियस कम रहा। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## संपादकीय

# होम डिलीवरी का संकट

कोविड लॉकडाउन के दौरान भारत में होम डिलीवरी का बाजार बहुत तेजी से बढ़ा था। लेकिन कोविड के बाद बदले हालात और दुनियाभर में छाए वित्तीय संकट ने इस कारोबार को भी संकटग्रस्त बना दिया है। भारत में कोरोना काल के बाद से कई बड़ी कंपनियों ने दस-दस मिनट में घर के सामान और खाने की डिलीवरी वाली सेवाएं शुरू की। इनमें जोमैटो जैसी स्थापित कंपनी से लेकर जेप्टो और ब्लिंकिट जैसे स्टार्टअप तक शामिल थे। लेकिन किसी भी कंपनी को वैसी सफलता नहीं मिली, जिसकी उम्मीद की जा रही थी। हाल में ब्लिंकिट ने अपने डिलिवरी ब्वॉयज के लिए डिलीवरी चार्ज 25 से घटाकर 15 रुपये की, तो उसको लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया। इसके पहले जनवरी में जोमैटो ने अपनी 10 मिनट की डिलीवरी सर्विस जोमैटो इंस्टैंट को बंद कर दिया। इसका कारण रहा कि कंपनी को इस बाजार में ना तो विस्तार नजर आ रहा था, ना मुनाफा। हालांकि कंपनी ने कहा कि वह अपनी रिब्रैंडिंग कर रही है, लेकिन मीडिया से बातचीत में कंपनी के अधिकारियों ने स्वीकार किया कि कंपनी को इतना काम भी नहीं मिल पा रहा था कि रोज का खर्च निकल सके। कुछ जानकारों के मुताबिक ये कंपनियां भी दस मिनट में डिलीवरी के वादे पूरे नहीं कर पा रही थीं। जिन लोगों ने इन सेवाओं को आजमाया, उन्हें बहुत ही खराब नतीजे मिले। हाल के सालों में भारत में ऑनलाइन डिलीवरी का बाजार बहुत तेजी से बढ़ा है। आने वाले सालों में इसके और विशाल होने का अनुमान लगाया गया है।

# हिण्डाल्को जीएनसी कंपनी स्थानीय ग्रामीणों के साथ कर रही छल

जोहार छतीसगढ़-कुसमी।

आपको बता दे की आज सामरी,कुटकु चरहट में हिण्डाल्को,जीएनसी के द्वारा, माइंस ब्लास्टिंग करना था, जहां स्थानीय बेरोजगार ग्रामीणों के द्वारा आज रोक लगाते हुए ब्लास्टिंग हो रहे है। जगह पर शांति पूर्वक रैली के माध्यम से हिण्डाल्को के खिलाफ नारे बाजी किया गया। बेरोजगारों को रोजगार देना होगा के साथ.साथ हिण्डाल्को प्रबंधन जीएनसी प्रबंधन होस में आव के लगे नारे, नारे के साथ साथ आक्रोश ग्रमीणों ने हिण्डाल्को, जीएनसी की आज ब्लास्टिंग पर रोक लगाते हुए, उसी स्थान पर धरने के रूप में भीषण गर्मी में पेड़ों की छाव के तले बैठ के हिण्डाल्को, जीएनसी, जैसी बड़ी कंपनी का विरोध करते सभी स्थानीय ग्रामीण नगर आये।

### धरना पर बैठे कांग्रेस

आदिवासी नेता संतोष इंजीनियर छत्तीसगढ़ प्रदेश महासचिव ने कहा किए सामरी के कुटकु, चरहट, दत्तराम की सरहद पर नया पीठ खदान बाक्साइड नियुक्त किया गया है। हिण्डाल्को प्रबंधक के द्वारा हमेशा ये बात कही गयी है। की स्थानीय बेरोजगार को नौकरी दी जायेगी लेकिन आज देख सकते किसी तरह की कोई नौकरी स्थानीय ग्रामीणों को नौकरी नहीं मिली है। इससे भी पूर्व में कई खदान खोली गयी है। हिण्डाल्को के द्वारा और स्थानीय ग्रामीणों की समन्वय बना कर के खदान का आयोजन किया जाता है। लेकिन ये विफल साबित हो रही है। इसलिये हम सभी स्थानीय ग्रामीण गांव के लोग चार सौ की संख्या में आज जनप्रतिनिधि व



सरपंच व बीडीसी सभी लोग धरना पर बैठे है। और हमारी हक की गुहार लगा रहे है। और हम अनिश्चित कालीन हड़ताल पर रहेंगे। एक सप्ताह तक हम यही बैठे रहेंगे। साथ ही हमे जब तक योग्यता के अनुसार हमे नौकरी नहीं मिल जाती। साथ ही गांव के महिला ने हिण्डाल्को के ऊपर ताना कसते हुए कहा की मेरा जमीन है। और मै उस जमीन को कोडने नही दूंगी साथ ही मेरे जमीन पर गाड़ी वाहन चला रही है। उसे चलने नहीं दूंगी, मेरे जमीन पर बाक्साइड कि जो पथरा निकल रही है। वो मेरे जमीन पर रख रही है। उसे उठाने नहीं दूंगी। आप देख सकते है, स्थानीय ग्रमीण किस तरह से परेशान है, हिण्डाल्को जैसी बड़ी कंपनी अपने अग्रीमेंट के तहत कोई फैसला आज तक नहीं ली और न ही आज तक स्थानीय ग्रमीणों को नौकरी दी गयी है। दूसरे ओर बात करे तो कुछ दिन पूर्व में सामरी क्षेत्र के विधायक संसदीय सचिव के निवास जा कर कुछ बेरोजगार युवाओं ने अपनी बात रखी थी। उनकी बातों और उनकी हक मांग को लेकर विधायक कुसमी हिण्डाल्को के जीएम को फटकार लगाते हुए उनकी सभी माइंस को बंद कराया गया था। और सभी को नौकरी देने की बात कही गयी थी। लेकिन 1 दिन माइंस बंद होने के बाद न तो युवाओं को नौकरी मिली न ही अब बेरोजगार युवा की बात कोई सुन रहा है। और आप देख सकते है। सामरी कुटकु के ग्रमीणों ने भी आज नौकरी की मांग को लेकर बाक्साइड माइंस बंद कराया और उस ओर रोक लगाया है। और आगे स्थानीय ग्रमीणों को नौकिरी नही मिलती तब तक अपनी लड़ाई लड़ने की बात कही गयी हैए अब देखने वाली बात यह है। की खबर प्रकाशित होने के बाद इतनी बड़ी हिण्डाल्को कंपनी अब क्या कुछ फैसला लेती है। क्या युवाओं व स्थानीय ग्रामीणों के योग्यता के अनुसार नौकरी देती है कि नहीं। इस संबंध में स्थनीय ग्रमीणों व पत्रकारों के द्वारा जानकारी हेतु हिण्डाल्को के जीएम से बात करना चाहि गयी तो, हमेशा के भांति फेन रिसीव नही किया गया।

# जशपुर आस्ता मार्ग पर बन रहे पुलिया का किया जा रहा गुणवत्ताहीन निर्माण, दो दिन में दिखने पुल निर्माण में दरारे

जोहार छत्तीसगढ़ कुसमी।

कुसमी से जशपुर सीमा तक छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लोक निर्माण विभाग के माध्यम से ठिकेदारी प्रथा के अनुसार लगभग 44 करोड़ 87 लाख रुपए की राशि से सड़क, पुलिया, एवं नाली का निर्माण अंबिकापुर के ठिकेदार मेसर्स जवाहर गुप्ता कंस्ट्रक्शंस ठिकेदार के द्वारा कई अन्य पेटी कॉन्ट्रेक्टर के माध्यम से पुलिया निर्माण किया जा रहा है, जशपुर रोड से लेकर नीलकंठपुर तक 2.4 पुलिया बनाया जा रहा है। पुलिया में पेटी कॉन्ट्रेक्टर द्वारा कराए जा रहे कार्य के बारे में बनाए गए सामग्री मसाला का रे सी यो पूछने पर लेबर मिस्त्री द्वारा बताया गया की हम लोगों को कुछ भी पता नहीं है ठिकेदार द्वारा अपने आजक्स मशीन में मसाला बनाकर भेजा जाता है उसको हमलोग पुलिया में ढलाई कार्य में डालते है कितना सीमेंट कितना गिट्टी कितना बालू से मसाला बन कर आता है हम लोगों को कुछ पता नहीं है।





जबकि साइड पर हो रहे निर्माण कार्य को देखने से ऐसा लगता है की ठिकेदार द्वारा विभाग के अधिकारियों की सहमति से मनमानी ढंग से पुलिया ढाल दिया जा रहा है जिस समय विभाग का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी साइड में मौजूद नहीं रहते है। दूसरी ओर देखा जाय तो कुछ दिन पहले ठेकेदार की कम की लापरवाही व घटिया काम की जानकारी संबंधित अधिकारियों को सूचना दी गयी थी। और खबर के माध्यम से घटिया काम को अखबार के माध्यम से प्रकाशित किया गया था। उसके बाद भी उस पर कोई संज्ञान नही लिया गया जिसके कारण आज कल में बन रही पुलिया का काम जल्द से जल्द घटिया किस्म की तरह कर दिया जा रहा है। अधिकारियों की मिलाभगत से इस तरह के घटिया निर्माण हो रहा है। 2 दिन के भीतर ही पुलिया पर सैकड़ों जगह पर दरारें आ गयी है। जिसकी सुध लेने की अधिकारियों व ठेकेदारो की नहीं है, क्या कारण है, की इस तरह से घटिया निर्माण मनमानी ढंग से कराया जा रहा है, बेखौफ ठेकेदार काम कर रहे है। साइड में काम कर रहे मुंसी से पूछा जाता है, तो उनके द्वारा प्रतिक्रिया दिया जाता है, हमे कोई जानकारी नहीं है, जैसा उपर से आदेश होता है, वही हम करते है। देखने वाली बात अब यह है, की पूर्व में खबर प्रकाशित किया गया था और संबंधित अधिकारियों को उसकी सूचना देने के बाद भी कोई घटिया निर्माण कार्य पर कोई सुधार नहीं दिखी अब इस खबर को प्रकाशित करने के बाद कुछ सुधार आती है, कि नहीं देखने वाली बात है।

** इस संबंध में जब जोहार छत्तीसगढ़ के संवाददाता ने एसडीओ पीडब्लूडी कुसमी एवं सब इंजीनियर बलरामपुर से संपर्क करनी चाही गयी तो उनसे संपर्क नहीं हो पायी।*

# आकाशीय बिजली गिरने से 4 पशुओं की मौत, जंगल में विचरण कर रहे थे पशु

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

बलरामपुर जिले मैं सोमवार को मौसम ने अचानक करवट बदली अचानक से गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरी जिसके चपेट में आने से चार पशुओं की मौत हो गई। बलरामपुर जिले के कुसमी विकासखंड अंतर्गत कोरंधा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खजूरी के आश्रित ग्राम पुरी पानी में केश्वर पिता गरजू के चार भैंस की मौत आकाशी बिजली गिरने से हो गई। गांव के लोगों को सूचना मिलने पर पंचों के बीच घटनास्थल पर जाकर पंचनामा किया गया। इस हादसे के बाद ऐसी पालक के घर में मातम पसर गया। किसान की असली जमा पूंजी उनके पशु ही होते हैं खासतौर पर छत्तीसगढ़ में खेती-किसानी से अतिरिक्त आमदनी कमाने के लिए कई गांव



में गाय भैंस बकरी जैसे दुधारू पशु पालने का चलन है। इन से मिले दूध उत्पादन से किसान परिवार की आजीविका चलती है लेकिन कभी-कभी पशुओं की आकस्मिक मौत के चलते पशुपालक किसानों को नुकसान हो जाता है। महंगाई के दौर में जब मवेशियों के दाम भी बढ़ गए हैं। तो ऐसे में अच्छी नस्ल का पशु भी खरीदना मुश्किल हो जाता है इसी वजह से केंद्र और राज्य सरकार मिलकर पशुधन बीमा योजना जैसी स्कीम चला रही है। राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत आने वाले पशुधन बीमा योजना के तहत 25 से लेकर 300 रूपये में अपने पशुओं का बीमा करवा सकते हैं। इस बीच दुधारू पशु के आकस्मिक मौत हो जाए, तो सरकार द्वारा 88000 रुपये तक का मुआवजा देती है इन दिनों पशुओं पर जानलेवा संक्रमण के बीच दुधारू पशुओं का बीमा करवाने के लिए यह शानदार स्कीम है। और यदि जिन पशुओं का बीमा नहीं हुआ है उन्हें छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व विभाग के द्वारा प्रति पशु 30000 रुपये के मुआवजे का प्रावधान है।

## मिला जुला

# भाजपा युवा मोर्चा बेरोजगारी भत्ता को लेकर हजारों युवा रैली के साथ करेंगे कलेक्ट्रेट कार्यालय में तालाबंदी व घेराव

भाजयुमो के राष्ट्रीय नेता शशांक राज, प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत युवाओं को करेंगे संबोधित

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान और प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत के निर्देशन एवं प्रदेश महामंत्री उपकार चंद्राकर, अंकित जायसवाल व प्रदेश उपाध्यक्ष व संभागीय प्रभारी जितेंद्र देवांगन, प्रदेश मंत्री व सूरजपुर जिला प्रभारी आलोक श्रोती, लोकेश पैकरा, सह प्रभारी मनीष पुनाचा, निशांत गुप्ता के सफल मार्गदर्शन और जिलाध्यक्ष रविंद्र भारती के नेतृत्व में जिले के तीनों विधानसभा के 6 ब्लॉक व 14 मंडलो के हजारों बेरोजगार युवाओं के साथ आज 11 बजे शहर के हृदय स्थल कोतवाली थाना के समीप अग्रसेन चौक पर विशाल आमसभा के साथ धरना प्रदर्शन करते हुए रैली के माध्यम से जिला संयुक्त कार्यालय कलेक्ट्रेट भवन पहुंचकर बेरोजगारी भत्ता व युवाओं से संबंधित विभिन्न विषय को लेकर जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय का तालाबंदी कर घेराव किया जाएगा। भाजयुमो शहर महामंत्री संस्कार अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शशांक राज व भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत, प्रदेश महामंत्री उपकार चंद्राकर, अंकित जायसवाल, प्रदेश




उपाध्यक्ष जितेंद्र देवांगन, प्रदेश मंत्री आलोक श्रोती की विशेष उपस्थिति में संपन्न होगा।

गौरतलब है की छग निर्माण पश्चात 15 वर्ष भाजपा की सरकार रही तो नित नवीन विकास के आयाम को छुआ है। महज शहरी क्षेत्र नहीं अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंच के लिए सड़क निर्माण हो या हर परिवार के भूख की चिंता, वनाचलो तक शिक्षा, स्वास्थ की कड़ी तैयार कर छ ग को लगातार गति देने का कार्य भाजपा सरकार के माध्यम से हुआ है। आज भी केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा गांव गांव तक स्वच्छता, शौचालय, रसोई गैस, नलजल, आवास, स्किल, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान बीमा जैसे अनेक कार्य किये जा रहे हैं उसमें वर्तमान की छग सरकार ब्रेकर करने का काम कर रही है। भ्रष्टाचार के नाव में सवार छ ग की कांग्रेस सरकार जब कोरोनाकाल में राज्य को जनता अपने को खो रही थी। छग सरकार 600 करोड़ शराब शेष और डीएमएफ फंड के खर्च का हिसाब तक नहीं दे पा रही थी। कोरोना काल में ही जब छात्रावासों में कोई छात्र नहीं था। आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा छात्रों के बाल काटने के नाम पर करोड़ों रूपये अग्रिम भुगतान किया गया। जिसमें विद्यालय खुलने के पश्चात लीपा पोती की गयी। आज प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में हम रायपुर तालाब के सौंदर्यीकरण में 70 करोड़ का भ्रष्टाचार कर जनता के पैसा का दुरुपयोग किया जा रहा है वो हम देख रहे है। केंद्र से प्रति व्यक्ति 5 किलो चावल की व्यवस्था को गई तो राशन कार्ड के पीछे मात्र 5 किलो चावल देकर चावल डकारने का काम भी वर्तमान कांग्रेस सरकार करते हुए 68 हजार 930 मीट्रिक टन चावल का भ्रष्टाचार कर 42 प्रतिशत गबन कर चुकी है। केवल चावल ही नहीं शक्कर, गुड, नमक और चने में भी बड़ी धांधली, जिसकी जानकारी सरकारी आंकड़ों में 7.77 करोड़ शक्कर में, 11.80 करोड़ रुपए चना में 3.46 करोड़ नमक में और गुड़ 1.43 करोड़ रुपयों को खाद्य सामग्री को कमी सवाय स्वीकार कर रही है। छग स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड जिसका कार्य लिकर बियार वाइन में होली ग्राफीक स्टिकर लगाकर लाइसेंस कर रिटेल करना होता है वो सरकार की जागीर बन गई है और 50 प्रतिशत दारू बिना रजिस्टर किए सरकारी शराब दुकानों में बेचकर करोड़ों का भ्रष्टाचार किया जा रहा है। जल जीवन मिशन के तहत 7000 करोड़ को बिना टेंडर के एसओआर से अभाव में 10 प्रतिशत कमीशन लेकर दिया गया। और गलत टेंडर प्रक्रिया होने की वजह से रिटेंडर किया गया जिसमे करोड़ों की कमीशन खोरी की गई है। ऐसे ही डीएमएफ चूक निर्माण कार्य, कृषि विभाग के खाद्य और बीज में भ्रष्टाचार पीएससी की भर्ती में भ्रष्टाचार, युवाओं के बेरोजगारी भत्ता में भ्रष्टाचार कर लगातार छ ग को निचोड़ने का काम किया है। कांग्रेस के विधायकों सहित विश्वसनीय अधिकारी भ्रष्टाचार में संलिप्त है। आज भी कथित सुपर सीएम सौम्या चौरसिया ईडी के गिरफ्त में है। विधानसभा में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम सरकार के भ्रष्टाचार पर सवाल करते दिखते है तो एक मंत्री इस सरकार के भ्रष्ट आचरण से त्रस्त होकर स्वयं को असशय पाता हुआ स्तीफा देता है। लगातार भ्रष्टाचार में डूबी इस सरकार ने छ: ग को कई वर्ष पीछे धकेल दिया है। छग की भोली भाली जनता को केवल विज्ञापनों में माध्यम से ठगने का प्रयास कांग्रेस सरकार कर रही है। लेकिन वे जान ले की जनता के पास कांग्रेस के काले कारनामों की पूरी जानकारी है। और लगातार भारतीय जनता युवा मोर्चा इस हेतु घर घर पहुंच कर पदयात्रा के माध्यम से भ्रष्टाचार को बताएगी। भ्रष्टाचार के विरुद्ध जनजागरण यात्रा 3 मई से 9 मई 2023 के मध्य 21 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर कांग्रेस के कारनामों का काला चिट्ठा जनता में हम बाटेंगे। यात्रा का एसडीएम तहसील कार्यलय में प्रदर्शन करते हुए भ्रष्टाचार के विषय में ज्ञापन दिया जाएगा। 15 मई से 16 मई के मध्य सभी जिला केंद्र में एक दिवसीय भूख हड़ताल। 10 मई से बेरोजगारी भत्ते में अपात्र युवाओं से बूथ स्तर पर सम्पर्क अभियान कर 25 से 30 मई के मध्य संभागस्तरीय युवा शंखनाद रैली एवं प्रदर्शन बड़ी संख्या में करते हुए इस सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ पूरी ताकत से युवाओं को खड़ा करेंगे। साथ ही जितने भी नवीन मतदाता है उनके सामने सरकार को नीति और नियत को स्पष्ट करते हुए छग में सकारात्मक सोच के साथ विकास के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने के लिए एकजुट करेंगे।

# कांग्रेस नेता ही अपने कांग्रेस समर्थित अध्यक्ष को हटाने की मांग को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

प्रदेश में विधानसभा चुनाव को होने के लिए कुछ ही महीने बचे हैं इसी बीच नवागढ़ विधानसभा से कांग्रेस पार्टी के लिए खबर अच्छी नहीं है, कांग्रेस पार्टी से ताल्लुकात रखने वाले जनपद सदस्यों ने अपने ही पार्टी के समर्थित जनपद अध्यक्ष को पद से हटाए जाने की मांग की है। जनपद पंचायत नवागढ़ के अध्यक्ष अंजलि मारकंडे के खिलाफ 20 जनपद सदस्यों ने कलेक्टर के नाम अनुमति पत्र सौंपा सदस्यों ने जनपद अध्यक्ष के खिलाफ पत्र में लिखा की अंजलि मारकंडे के पति विभागीय कार्यों में हस्तक्षेप करते हैं व पति के सहमति बगैर कोई भी प्रस्ताव जनपद में पास नहीं होने देती। सदस्यों ने आरोप लगाया कि




पिछले 1 वर्षों से जनपद अध्यक्ष अंजलि मारकंडे के द्वारा विकास कार्यों के पैसे को रोक कर रखा गया है। f

जसके कारण नए निर्माण कार्य की स्वीकृति नहीं मिल पा रही है, कलेक्टर को दिए पत्र में आगे लिखा है कि पिछले माह सामान्य सभा की बैठक हुई ए बैठक में 15 वे वित्त की राशि का आवंटन छल पूर्वक किया गया है। जनपद सदस्य की निष्क्रियता के कारण क्षेत्र के लोगों को शासकीय योजनाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। शासकीय कार्यों के किए गए भुगतान फर्जी तरीके से किया गया जो जांच का विषय है। पत्र में इन सब बातों को लिखकर कलेक्टर से अंजलि मारकंडे को जनपद अध्यक्ष के पद से हटाने की अनुमति मांगी गई है। जनपद अध्यक्ष को पद से हटाने के लिए भोजराज यादव, राजकुमार यादव, नेमन निषाद, अहिल्या डेहरे, सुकलहीन ध्रुव, राजेश्वरी विनायक, संतोषी साहू, पुष्पा वर्मा, नील कुमारी साहू, ललिता बंजारे, तेजराम साहू, संतोष साहू, प्रेमु वर्मा, सुरुचि वर्मा, सरोज, लाखन सिंह, रितेश शर्मा ने अपना हस्ताक्षर कर कलेक्ट्रेट जाकर पद से हटाए जाने की अनुमति मांगी।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

जशपुर प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर चाय, आलू, स्ट्रॉबेरी, लीची, आम, कटहल, काजू फसलों के खेती की अपार संभावना -प्रदीप शर्मा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सलाहकार, योजना, नीति, कृषि एवं ग्रामीण विकास, प्रदीप शर्मा ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर शासन की योजनाओं के संबंध में चर्चा किए एवं योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सराहना कर निरंतर बेहतर कार्य करने के लिए अधिकारियों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जशपुर जिला दूरस्थ क्षेत्र में स्थित होने के बावजूद प्राकृतिक सौंदर्य से भरा है। जशपुर की तस्वीर बदल रही है यहां का वातावरण खूबसूरत है। गांव, शहर के हर व्यक्ति का भविष्य सुरक्षित है राज्य शासन सभी वर्गों के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित कर रही है। जशपुर एक परिवार की तरह आगे बढ़ रहा है सभी मिलकर बेहतर कार्य कर रहे हैं। शासन की योजनाएं जन.जन तक पहुंच रही है उन्होंने समूचे अधिकारियों को बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यहां प्राकृतिक सुंदरता के साथ चाय, आलू, स्ट्रॉबेरी, लीची, आम, कटहल, काजू फसलों के खेती की अपार संभावनाएं है। शासन एवं प्रशासन जशपुर के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा ने कहां की यहां आजीविका गतिविधियों को संचालित व विकसित करते हुए ग्रामीणों को रोजगार से जोड़ने की अपार संभावनाएं हैं।

# ओलावृष्टि से क्षेत्र के किसानों को काफी नुकसान, किसान नेता ने सर्वे कर मुआवजा देने की रखी मांग

ओलावृष्टि और तेज बारिश से सब्जी व फल उत्पादक किसानों की फसल खराब

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

ओलावृष्टि से क्षेत्र के किसानों को काफ ी नुकसान हुआ है। बावजूद किसानों को राहत देने के नाम पर सरकार की ओर से अब तक कोई घोषणा नहीं हुई है । इस संबंध में किसान नेता योगेश तिवारी ने ओलावृष्टि से फसल क्षति के सर्वे के साथ-साथ मुआवजा की मांग की है। बेमेतरा जिले में सोमवार को हुई ओलावृष्टि और मंगलवार को हुई तेज बारिश से किसानों को खासा नुकसान हुआ है। इससे पहले रबी फसल में मुख्य रूप से गेहूं और चना काफी हद तक प्रभावित हुआ है। फसल की गुणवत्ता भी प्रभावित हुई है। किसान अपनी उपज बेचने बाजार में जा रहे हैं तो उन्हें उचित मूल्य मिल नहीं पा रहा है। जिसकी मुख्य वजह है बारिश से फसलों का



प्रभावित होना। सोमवार को अंचल में हुई ओलावृष्टि से सब्जी एवं फल उत्पादक किसानों को खासा नुकसान उठाना पड़ा है। काफी बड़े तादाद में फसल बर्बाद भी हुई है। आलम यह है कि किसानों को फसल का लागत मूल्य निकालना भी मुश्किल हो गया है।

### राज्य सरकार की सर्वे की घोषणा पर नहीं हुआ

किसान नेता योगेश तिवारी के अनुसार राज्य शासन ने सर्वे की घोषणा की थी। जिस पर अब तक अमल नहीं हुआ है। राज्य शासन पर आरोप लगाते हुए कहा है कि जब बारिश के हालात बने तो राज्य सरकार ने सर्वे के आदेश दिए, जो सर्वे अब तक नहीं हो पाया है। राजस्व की टीम किसानों तक नहीं पहुंच पाई है। ना ही किसी तरह की कोई जानकारी दी गई है। ऐसी स्थिति में किसानों को क्षतिपूर्ति मिलने पर सवाल खड़े हो गए हैं।

### किसान नेता ने उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

*वर्तमान में ओला वृष्टि से किसानों के सब्जी और फल की फसल भी खराब हो चुकी है। ऐसी स्थिति में किसानों को दोहरी मार से उबरने का कोई रास्ता मिल नहीं पा रहा है । लगातार मौसम के बिगड़े हालात के कहर से किसान जूझ रहे हैं। किसानों को अब तक कही से राहत मिलती नही दिख रही है। प्रभावित किसानों के संबंध में राज्य शासन कोई उचित समाधान कर मुआवजा की व्यवस्था नहीं किए जाने की स्थिति में उग्र आंदोलन किया जाएगा।*

जोहार छत्तीसगढ़
धरमजयगढ़, गुरुवार 27 अप्रैल 2023

# 1 मई श्रम दिवस को बोरे बासी दिवस के रूप में मनाया जाएगा

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़.बिलाईगढ़।



कलेक्टर डॉ फ रिहा आलम सिद्दीकी ने समय सीमा की बैठक में आगामी 1 मई को राज्य में आयोजित हो रहे बोरे बासी दिवस के संबंध में सभी अधिकारियों को कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप सभी स्टाफ बोरे बासी खाने और मजदूर दिवस मनाने की आवश्यक तैयारी करें एवं इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करें। राज्य शासन द्वारा पिछले वर्ष से छत्तीसगढ़ी संस्कृति, रहन सहन, खान-पान का प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से मजदूर दिवस के दिन को बोरे बासी दिवस के रूप में मनाया गया था। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने मई माह से जिले के कुपोषित बच्चों को कुपोषण से बाहर निकालने हेतु सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में सभी विभागीय अधिकारियों से बच्चों को गोद लेने के संबंध में सहमति ली। इस कार्यक्रम के अंतर्गत मई माह से कुपोषित बच्चों को गोद लेकर तीन महीनों तक सतत् मानीटरिंग करते हुए उन्हें पोषणयुक्त भोजन प्रदान किया जाएगा। इस कार्यक्रम में चिरायु से बच्चों के नि:शुल्क हेल्थ चेकअप हेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने जिले में कोरोना के मामलों और रिकवरी के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने खाद भंडारण एवं वितरण के कार्यों की जानकारी ली। अग्रिम भंडारण और लक्ष्य के आंकड़ों की ब्लॉकवार सूची तैयार कर तय लक्ष्यों के आधार पर प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत जिले के स्कूलों में चल रहे निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके बाद जाति प्रमाण जारी करने संबंधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए एंट्री के कार्य में तेजी लाने को कहा। कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने किसान किताब और आधार प्रविष्टि के मामलेए राजस्व लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए आंकड़ों की समीक्षा करते हुए आगामी दिनों में इन सभी मामलों के त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही नक्शा बंटाकन और अभिलेख शुध्दता रिपोर्ट के कार्यों की समीक्षा की एवं पटवारियों और राजस्व निरीक्षकों की सहायता से कार्य की गति बढ़ाने को कहा?। राजस्व न्यायालय के प्रकरणों के संबंध में नाराजगी जताते हुए सभी न्यायालयों में लंबित मामलों का प्राथमिकता से शीघ्र निपटान करने को कहा।

इसके अलावा नगरी क्षेत्रों में शासकीय भूमि का व्यवस्थापन, अवैध निर्माण का नियमितीकरण, वर्मी खाद वितरण, धन्वंतरी मेडिकल स्टोर योजना, सेजेस भर्ती, वन अधिकार पत्र, कृष्ण कुंज, रासायनिक ऊर्वरक वितरण, बीज भंडारण,मिलेट मिशन, जल जीवन मिशन, मनरेगा, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, जैविक खाद्य भंडारण, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, संयुक्त कलेक्टर भागवत जायसवाल, एसडीएम मोनिका वर्मा एवं डॉ स्निग्धा तिवारी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने गोधन न्याय योजना की समीक्षा बैठक ली

कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने गोधन न्याय अंतर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को शासन की फ्लैगशिप योजनाओं पर गंभीरता से कार्य करने को कहा। साथ ही योजनांतर्गत गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट के भंडारण की स्थिति, गौमूत्र संग्रहण और क्रय के आंकड़ों की समीक्षा करते हुए कार्य में सुधार करने के निर्देश दिए। इसके अलावा जी.मैप, गोधन पोर्टल पर एंट्री और सुधार की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि रीपा योजना में संलग्न हितग्राहियों में महिलाओं एवं पुरुषों का प्रतिशत बराबर हो।

### कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने ली छात्रावास अधीक्षकों की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़.बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में छात्रावास अधीक्षकों की बैठक ली। बैठक में छात्रावासों के मरम्मत कार्य, छात्रों की संख्या, छात्रावासों में बाऊंड्रीवाल एवं फेसिंग कार्य, पेयजल व्यवस्था, खाद्यान्न उपलब्धता, कन्या छात्रावासों में अधीक्षिका आवास गृह, ईंधन की उपलब्धता एवं शासन की संबंधित योजनाओं पर अद्यतन चर्चा की। छात्रावासों में मरम्मत कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि जिन छात्रावासों में मरम्मत की आवश्यकता है वे जानकारी दें। स्वस्थ तन स्वस्थ मन स्वास्थ्य सुरक्षा योजना की जानकारी ली। इस योजना अंतर्गत छात्रावासों आश्रमों में छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। स्वास्थ्य संबंधी सलाह एवं सुझाव दिये जाते हैं। कलेक्टर ने सभी अधीक्षकों को कहा कि वे सभी छात्रावास में स्थित आवास गृह में रात्रि में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने सभी को सचेत रहने की समझाईश देते हुए कहा कि छात्रावास में अनुशासन का विशेष ध्यान रखा जाए एवं किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोई अन्य अप्रिय घटना की स्थिति निर्मित न हो। कलेक्टर ने पेयजल संबंधी समस्याओं की समीक्षा की। बैठक में अधीक्षकों ने ट्यूबवेल, मोटर एवं जल स्तर संबंधी समस्याओं से अवगत करायाए कलेक्टर ने निराकरण हेतु आश्वासन दिया। कलेक्टर ने प्राथमिकता से जिले के सभी छात्रावासों में किचन गार्डन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी छात्रावास अधीक्षक अपने छात्रावासों में खेलकूद एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में छात्रों को शामिल करें एवं पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए मॉडल हॉस्टल बनाने की दिशा में कार्य करें। बैठक में अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग आशीष बैनर्जी, मंडल संयोजक एवं जिले के समस्त छात्रावास अधीक्षक उपस्थित थे।

## समाचार सार

### पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने थाना रामानुजनगर में पदस्थ प्रधान आरक्षक को किया निलंबित

पुलिस की छवि धूमिल करने वालों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा-पुलिस अधीक्षक

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

बीते दिन समाचार पत्र में प्रकाशित ष्पुलिस चोरी का केस मान समझौता कराने करती रही सौदेबाजी संबंधी न्यूज प्रकाशित हुआ था। उपरोक्त विषय पर संज्ञान लेने पर मामला गंभीर प्रकृति का होने, प्रधान आरक्षक के द्वारा कर्तव्य के प्रति घोर अनुशासनहीनता व पुलिस की छवि धूमिल करने पर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने इसे गंभीरता से लेते हुए थाना रामानुजनगर में पदस्थ प्रधान आरक्षक हेमंत शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर रक्षित केन्द्र सूरजपुर सम्बद्ध किया है और मामले में प्रारंभिक जांच के आदेश दिए है। रामानुजनगर थाना में पदस्थ नगर सैनिक को नगर सेना कार्यालय भेजने के निर्देश थाना प्रभारी को दिए है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस की छवि धूमिल करने वालों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।




### महिला के सिर में पत्थर से वार कर नृशंस हत्या

घर के आंगन में मिली रक्त रंजित हालत में लाश, कोटा थाना क्षेत्र की घटना

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



कोटा थाना क्षेत्र के ग्राम मानपुर में एक वृद्ध महिला की पत्थर से कुचलकर बेरहमी से हत्या कर दी गई है। वही मौके पर डॉग स्क्वायड की टीम एवं कोटा पुलिस की टीम पहुंचकर जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार कोटा थाना क्षेत्र के ग्राम मानपुर में एक वृद्ध महिला रूपा जगत पति स्वर्गीय मोहन जगत उम्र 65 वर्ष की आसपास के ग्रामीणों ने सोमवार सुबह 6 बजे के आसपास घर के आंगन में रक्तरंजित अवस्था में लाश पड़ी देखी। जिसके बाद ग्रामीणों ने कोटा पुलिस को सूचना दी अंदाजा लगाया जा रहा है कि मृतक महिला की बीती रात को ही पत्थर पटक कर हत्या कर दी गई है जिसकी लाश आज सुबह घर के आंगन में मिली है। बिलासपुर से डॉग स्क्वायड की टीम एवं कोटा पुलिस की टीम मौके पर पहुंच जांच में जुट गई है वही महिला की लाश को पोस्टमार्टम में भेज आगे की विवेचना जारी है ग्रामीणों ने बताया की मृतक महिला घर में अकेली रहती थी। पति और 2 पुत्रो की पहले ही मौत हो चुकी है वही 2 बहु है जो बाहर सर्विस में है फ्लिहाल पुलिस अभी बिंदुओं में जांच शुरू कर दी है।

### ॅमहात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क रीपा का संभाग स्तरीय टेक्निकल सपोर्ट एजेंटों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सलाहकार, योजना, नीति, कृषि एवं ग्रामीण विकास प्रदीप शर्मा ने जशपुर कलेक्ट्रेट स्थित मंत्रणा सभाकक्ष में आयोजित महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क रीपा के संभाग स्तरीय टेक्निकल सपोर्ट एजेंटों का एक दिवसीय प्रशिक्षण में शामिल हुए एवं रीपा अंतर्गत सभी बिंदुओं का व्यापक जानकारी दी। मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा ने प्रशिक्षण देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में संसाधनों की अपार भंडार है इसको हमें बेहतर प्रयोग करना है। उन्होंने जशपुर जिले के प्राकृतिक सौंदर्य की प्रशंसा करते हुए गोधन न्याय योजना की सराहना की। उन्होंने कहा कि शासन गोबर खरीदी सहित नरवा, गरवा,घुरवा एवं बाड़ी विकास में बेहतर कार्य कर रही है।

## मोहन कुमारी साहू ने अंगना में शिक्षा पढ़ाई तिहार 3.0 के तहत् शिक्षकों का किया सम्मान

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।




जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक शाला देवरानी संकुल केन्द्र बिर्रा में 25 अप्रेल मंगलबार को अंगना में शिक्षा पढ़ाई तिहार के तहत् जनपद पंचायत सदस्य एवं भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री मोहन कुमारी साहू के द्वारा मातृ शक्ति के द्वारा अंगना शिक्षा पढ़ाई तिहार मनाने पहुंचे। स्कूल एवं संकुल केन्द्र के शिक्षकों के साथ वरिष्ठ महिला का फ ूल माला एवं गच्छा पहनाकर पहनाकर मोहन कुमारी साहू के द्वारा सम्मानित किया। जिसमें संकुल प्रभारी लखन लाल कश्यप, संकुल समन्वयक श्रीअरुण कश्यप,संकुल समन्वयक गुरु प्रसाद, प्रधान पाठक लिजू राम साहू, उत्तम साहू, अमृत लाल पटेल, शिवकुमार, श्यामसुंदर, कलेश्वर देवांगन, किरण रात्रे आदि शिक्षकों वरिष्ठ महिलाएं की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।




## नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

ग्राम छत्तरपुर निवासी दलगर राम ने चौकी लटोरी में लिखित आवेदन दिया कि वर्ष 2017-18 में इससे एवं आशाराम से पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा में नौकरी लगाने के नाम पर अरविन्द पाण्डेय ने 09 फरवरी 21 को क्रमश: 1,50,000 रूपये एवं 1,30,000 रूपये कुल 2 लाख 80 हजार रूपये नगद लिया था जब दोनों का सलेक्शन पुलिस आरक्षक भर्ती में नहीं हुआ तो अरविन्द से पैसा वापस मांगने पर इसे 45 हजार रूपये व आशा राम को 20 हजार रूपये वापस किया शेष राशि का चेक दलगर राम के नाम पर दिया पर खाता में पर्याप्त रकम नहीं होने के कारण भुगतान नहीं हुआ। नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करने संबंधी रिपोर्ट पर धारा 420 भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने मामले के फ रार आरोपी की पतासाजी कर गिरफ्तार करने के निर्देश चौकी प्रभारी लटोरी को दिए थे।



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व सीएसपी जेपी भारतेन्दु के मार्गदर्शन में चौकी लटोरी पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर अम्बिकापुर में घेराबंदी कर फ रार आरोपी अरविन्द पाण्डेय पिता स्व.अगस्त पाण्डेय उम्र 45 वर्ष निवासी बौरीपारा अम्बिकापुर को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपी ने जुर्म स्वीकार कर रकम खर्च कर देना बताया जिसे विधिवत् गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी लटोरी धनंजय पाठक, एएसआई अरविन्द प्रसाद, आरक्षक अम्बिका मरावी, आरक्षक नंदकिशोर राजवाड़े, शोभनाथ कुशवाहा व महिला आरक्षक मुनेश्री पैंकरा सक्रिय रहे।

## गांवों को उत्पादन का केंद्र बनाने के लिए खोले गए हैं रूरल इंडस्ट्रियल पार्क-प्रदीप शर्मा

* मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा ने कापूबहरा में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का किया निरीक्षण * रीपा केंद्र के संचालन को लेकर महिला समूहों से की चर्चा, अधिकारियों को दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सलाहकार, योजना, नीति, कृषि एवं ग्रामीण विकास प्रदीप शर्मा आज जिले के प्रवास पर रहे। इस दौरान वे सुबह 10 बजे विकासखण्ड पोड़ी उपरोड़ा स्थित ग्राम पंचायत कापूबहरा के महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क रीपा, का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान पाली तानाखार के विधायक मोहित राम केरकेट्टा, कलेक्टर संजीव झा भी उपस्थित रहे। प्रदीप शर्मा ने रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में संचालित मसाला निर्माण इकाई, पोल्ट्री फ ीड, कपूर निर्माण इकाई, दोना-पत्तल निर्माण, अगरबत्ती निर्माण व अन्य इकाईयों का अवलोकन किया। शर्मा ने कापूबहरा रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में महिला समूहों के सहयोग से संचालित कार्य की प्रशंसा की और आगे भी बेहतर ढंग से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। शर्मा ने महिला समूहों से चर्चा की और रीपा केंद्र में चल रहे





काम के बारे में जानकारी ली। शर्मा ने महिला समूहों को रीपा केंद्र से जुड़ने के बाद यहां किए जा रहे उत्पादन, आमदनी व अन्य विषयों पर चर्चा की। उन्होंने महिला समूहों को स्थानीय वनोपज, कृषि आधारित उत्पाद से जुड़े व्यवसायों को महत्व देने गोल्डन लाख प्रसंस्करण को भी उद्योग के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में औद्योगिक गतिविधियों के संचालन के साथ ही यहां कार्य से जुड़ी महिला समूहों और युवाओं के उत्साह के लिए विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कापूबहरा रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के निरीक्षण पर पहुंचे प्रदीप शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप शासन प्रदेश में गांवो को उत्पादन का केंद्र बनाने के लिए काम कर रही है। जिले की आवश्यकताओं को ग्रामीण क्षेत्र में संचालित औद्योगिक इकाईयों की मदद से ही पूरा किया जा सकेगा। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे-छोटे औद्योगिक पार्क खोले गए हैं। जिसका संचालन युवाओंए महिला समूहों के सहयोग से किया जा रहा है।

## कलेक्टर पहुंची रैनखोल, विश्व मलेरिया दिवस पर प्रचार रथ को हरीझंडी दिखाकर किया रवाना

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।




विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जिले के दूरस्थ ग्राम रैनखोल में विश्व मलेरिया दिवस पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया और जनजागरूकता रैली निकाली गई। ज्ञात हो की सक्ती जिला अंतर्गत दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्र रैनखोल तथा बरपाली सेक्टरए जर्वे सेक्टर में मलेरिया के रोगी मिलते रहे हैं जिस कारण से कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना द्वारा विश्व मलेरिया दिवस आयोजन इन क्षेत्रों में जनजागरूकता तथा घर घर मलेरिया जांच हेतु चुना गया । विगत वर्ष में इन क्षेत्रों में 5 मरीज पाए गए थे। रैनखोल से मलेरिया जागरूकता रथ तथा रैली को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना एवं विभाग की ओर से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सूरज सिंह राठौर, जिला मलेरिया अधिकारी, सहित विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर ने उपस्थित विद्यार्थियों के माध्यम से जनसमुदाय से मलेरिया डेंगू, चिकुनगुनिया, जीका बुखार फैलाने वाले मच्छरों को नियंत्रित करने के लिए अपील की गई। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति अपने जीवन काल में एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए।

साथ ही अपने बच्चों की तरह उसकी देखभाल करना चाहिए, जिससे कि विश्व तापमान में वृद्धि से बचा जा सके और स्वच्छ ऑक्सीजन या हवा प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि अपने घर परिवेश को स्वच्छ रखने से मच्छर जनित बीमारियों को नियंत्रित करने में बड़ी मदद मिलेगी तभी मलेरिया को खत्म करना संभव हो सकेगा। वही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सूरज सिंह राठौर द्वारा मलेरिया नियंत्रण के लिए सभी से सहयोग की यह अपेक्षा की गई। कि यदि हर व्यक्ति अपने घर में प्रति सप्ताह साफ पानी के बर्तनों,टंकी,कूलर आदि का पानी बदलता रहें और साफ पानी को ढंक कर रखे तब हम मलेरिया डेंगू, चिकुनगुनिया, जीका बुखार फैलाने वाले साफ पानी के मच्छरों को पैदा होने से आसानी से रोक सकते हैं और इन बीमारियों को नियंत्रित कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि वास्तव में साफ पानी सभी के घरों में होता है। अत: साफ पानी के प्रबंधन में जनसहभागिता की अहम भूमिका हैं। कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता हैं इसलिए बुखार आने पर स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर तत्काल नि:शुल्क जांच कराएं और पूर्ण उपचार प्राप्त करें। इसके साथ ही सक्ती जिले के ग्राम रैनखोल की स्कूल प्रांगण में विश्व मलेरिया दिवस पर संदेशात्मक जनजागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

## यूनिसेफ ने बच्चों पर असाधारण रिपोर्टिंग के लिए 40 मीडियाकर्मियों को सम्मानित किया

रतनपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष संतोष सोनी 40 पुरस्कार पाने वालो में अपने क्षेत्र से हुआ सम्मानित

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

यूनिसेफ ने छत्तीसगढ़ के 40 मीडियाकर्मियों को बच्चों और महिलाओं पर असाधारण रिपोर्टिंग के लिए सम्मानित किया। पुरस्कार पाने वालों में प्रिंट, टेलीविजन, रेडियो और डिजिटल न्यूज प्लेटफ ॉर्म के रिपोर्टर, स्ट्रिंगर, फोटो जर्नलिस्ट और कैमरा पर्सन शामिल हैं। बाल अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी वकालत करने के लिए कुशाभव ठाकरे विश्वविद्यालय और डैटच् के सहयोग से यूनिसेफ द्वारा मीडिया 4 चिल्ड्रन अवार्ड्स शीर्षक वाले पुरस्कार दिए जाते हैं। पुरस्कार प्रदान करते हुए छत्तीसगढ़ विधान सभा के अध्यक्ष चरणदास महंत ने कहा, जीवन रक्षक सूचनाओं का प्रसार करने और जनता को आवश्यक सेवाओं तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित करने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। पुरस्कार राज्य में बच्चों और महिलाओं के कल्याण को बढ़ावा देंगे। मैं पोषण, स्वास्थ्य और सुरक्षा में यूनिसेफ के काम की सराहना करता हूं और राज्य में



उनके प्रयासों को समर्थन देने का आश्वासन देता हूं।

यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के प्रमुख जॉब जकरिया ने कहा कि इस बात के पुख्ता सबूत हैं कि मीडिया ने छत्तीसगढ़ में बच्चों की भलाई में सुधार करने में मदद की है। मीडिया ने परिवारों में पहले छह महीनों के लिए केवल स्तनपान, साबुन से हाथ धोना, बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित करना और सभी द्वारा शौचालय का उपयोग करने जैसे बच्चों के अनुकूल व्यवहार को बढ़ावा दिया है। परिवारों में ये प्रथाएं बच्चों की मृत्यु, बीमारियों, कुपोषण और एनीमिया को रोकेंगी, उन्होंने कहा। जकरियाह ने बाल श्रम और बाल विवाह को कम करने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका का उदाहरण देते हुए कहा कि मीडिया परिवारों और समुदायों में सामाजिक परिवर्तन ला सकता है जिससे

### मीडिया की सकारात्मक रिपोर्टिंग ने बच्चों की भलाई में सुधार करने में मदद की-यूनिसेफ

बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और सुरक्षा में सुधार होगा। उन्होंने कहा, मीडिया बच्चों से जुड़े मुद्दों को नीति और निर्णय के केंद्र में भी ला सकता है। पुरस्कारों ने 5 श्रेणियों में राज्य भर से 120 से अधिक प्रविष्टियों को आकर्षित किया। प्रिंट मीडिया श्रेणी में हिंदी और अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र शामिल थे। प्रविष्टियों का मूल्यांकन मीडिया, शिक्षा जगतए सरकार और नागरिक समाज का प्रतिनिधित्व करने वाली एक जूरी द्वारा किया गया था।

यूनिसेफ के संचार विशेषज्ञ श्याम सुधीर बांदी ने कहा कि यूनिसेफ क्षमता निर्माण के लिए राज्य भर में मीडिया के साथ काम कर रहा है और पत्रकारों और स्ट्रिंगर्स को महिलाओं और बच्चों पर रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

उन्होंने कहाए ष्पुरस्कार और फेलोशिप राज्य में बाल अधिकारों पर चर्चा के लिए मीडिया के अथक समर्थन की सराहना और मान्यता का प्रतीक है। प्रिंट मीडिया श्रेणी में पुरस्कार पाने वालों में गार्गी वर्मा द न्यू इंडियन एक्सप्रेस, जॉन राजेश पॉल, दैनिक भास्कर के अमिताभ अरुण दुबेए आकाश श्रीवास्तव पत्रिका, अभिषेक बनर्जी,नव भारत, संतोष सोनी लोकस्वर,सत्यपाल सिंह राजपुर लल्लूराम, शिखर देवांगन हैं। जी छत्तीसगढ़, सिद्धांत शर्मा रेडियो मिर्ची,खुशबू सोनी,मध्यम डिजिटल और शैक समीर ने फ ोटोग्राफ ी पुरस्कार जीते। पुरस्कारों के अलावा महिलाओं और बच्चों पर रिपोर्टिंग को प्रोत्साहित करने के लिए स्ट्रिंगर्स और रिपोर्टर्स को 15 फैलोशिप प्रदान की गई पुरस्कार में एक प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार शामिल है। कोविड 19 महामारी के दौरान अनाथ बच्चों पर दैनिक भास्कर की कहानियों के जॉन राजेश पॉलए और अमिताभ अरुण दुबे की स्वास्थ्य की कहानियों ने राज्य में महिलाओं और बच्चों की भलाई में बहुत योगदान दिया है। बस्तर क्षेत्र में बच्चों पर गार्गी वर्मा की अंतर्दृष्टिपूर्ण और रचनात्मक रिपोर्ट के परिणामस्वरूप उन्हें प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले हैं। अध्यक्ष ने 2022 में विश्व बाल दिवस समारोह में उनके योगदान के लिए सोशल मीडिया प्रभावित करने वालों को भी सम्मानित किया। युवा प्रभावितों द्वारा बनाई गई इंस्टाग्राम रील्स ने देश भर में लाखों लोगों तक बाल अधिकार पहुंचाए। बस्तर के तोकापाल के खेमेश्वर सेतिया ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले को बालिका शिक्षा के महत्व के बारे में बताया, सोहिल अग्रवाल और डोमेंद्र निषाद ने द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। सुभाष धुप्पड़, अध्यक्ष, रायपुर विकास प्राधिकरण, राजेश लाहोटी, संपादक, पत्रिका, और गौरव द्विवेदी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के सलाहकार भी उपस्थित थे।

# भगवान श्री सत्य साईं बाबा के समाधि दिवस पर आराधना महोत्सव का हुआ आयोजन

## प्रार्थना सभा, पालकी यात्रा,साई भजन एवं भंडारे के आयोजन से हुआ माहौल भक्ति मय

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

12 वर्ष पहले भगवान श्री सत्य साईं बाबा समाधि में लीन हुए थे। उसके पश्चात प्रत्येक वर्ष बाबा के समाधि दिवस के अवसर पर अराधना महोत्सव का आयोजन भगवान श्रीसत्य साईं सेवा संगठन के द्वारा देश विदेश के सभी समितियों के द्वारा आस्था एवं भक्ति मय माहौल में मनाया जाता है । इसी क्रम में नवीन जिला सक्ती अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत जोंगरा में श्री सत्य साईं सेवा समिति सक्ती के द्वारा भी भक्ति मय माहौल में अराधना महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम ग्रामीण जनों के साथ मिलकर प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया उसके पश्चात पालकी यात्रा निकाली गई तथा साईं भजन का आयोजन किया गया कार्यक्रम में वृहद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम पंचायत जोंगरा के महिला पुरूष एवं बच्चे सभी ने उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए भगवान श्री सत्य साईं बाबा के समाधि दिवस पर भंडारा प्रसाद प्राप्त किए।



### ग्रामीण जनों में दिखा उत्साह

ग्राम पंचायत जोंगरा में अराधना महोत्सव के अवसर पर सत्य साईं सेवा समिति सक्ती के द्वारा विभिन्न आयोजन किए गए थे जिसमें सुबह से ही ग्रामीण जनों में उत्साह देखने को मिला ग्रामीण जनों ने सभी कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों में सहयोग करते दिखाई दिए।

### पालकी यात्रा में महिलाओं एवं बच्चों की बड़ी संख्या मे रही उपस्थिति

ग्राम पंचायत जोंगरा में श्री सत्य साईं सेवा समिति के द्वारा जब भगवान श्री सत्य साईं बाबा की पालकी यात्रा राम जानकी मंदिर से निकाली गईए उस समय आस्था और भक्ति का अलग रूप देखने को मिला बाबा की पालकी आकर्षक रूप में बनाई गई थी। जिसमें भगवान श्री सत्य साईं बाबा के चित्र लगाए गए थे। इस अवसर पर श्री सत्य साईं सेवा समिति के महिला पुरुष सदस्यों के साथ.साथ समिति के बाल विकास के बच्चे तथा ग्राम पंचायत के महिलाओं पुरुष एवं बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया इस अवसर पर जहां भगवान श्री सत्य साईं बाबा के पूरे पालकी यात्रा के दौरान समिति के सदस्य भजन का गायन किया गया वही साईं राम एवं भगवान श्री सत्य साईं बाबा की जय घोष करते दिखाई दिए।

### भंडारे के आयोजन में उमड़ी भीड़

ग्राम पंचायत जोंगरा में अराधना महोत्सव के अवसर पर श्री सत्य साईं सेवा समिति के द्वारा वृहद भंडारे का आयोजन किया गया था जिसमें ग्राम पंचायत के सभी वर्गों के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। जहां ग्रामीणों ने समिति के आयोजन की सराहना की। वहीं ग्रामीणों का कहना था कि ग्राम पंचायत में प्रत्येक वर्ष सत्य साई सेवा समिति के द्वारा कुछ ना कुछ आयोजन करते रहना चाहिए। जहां वृहद भंडारे के आयोजन में लंबी लाइन लगाकर लोग भोजन प्रसाद लेते देखे गए। वहीं समिति के पदाधिकारियों सदस्यों ने भी भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

### प्रार्थना सभा एवं भजन का हुआ आयोजन

भगवान श्री सत्य साईं बाबा के समाधि दिवस पर अराधना महोत्सव के आयोजन अवसर पर साईं भजन सत्य साईं सेवा समिति के सदस्यों के द्वारा की गई। इस अवसर पर ग्रामीण जनों ने भी अपनी उपस्थिति दी। यहां इस अवसर पर एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी गई। वहीं प्रार्थना सभा का आयोजन भी किया गया जिसमें भगवान श्री सत्य साईं बाबा के जीवन चरित्र के बारे में बताया गया।

### एक नजर में भगवान श्री सत्य साईं सेवा संगठन का सेवा कार्य

भगवान श्री सत्य साईं सेवा संगठन का संचालन बाबा के निवास पुट्टपरती से संचालित होता है। ज्ञात हो की सत्य साईं सेवा समिति के देश एवं विदेशों में हजारों संगठन है। जिसके द्वारा विभिन्न सेवा कार्य किए जाते हैं । जिसमें बाल विकास के तहत बच्चों को नैतिक शिक्षा एवं बौद्धिक शिक्षा दी जाती है वही पुट्टपरती के सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में हार्ट एवं अन्य बीमारी का निशुल्क इलाज किया जाता है। इसी तरह प्रत्येक समिति के सदस्य पुट्टपरती में सेवा कार्य के लिए प्रत्येक वर्ष जाते हैं। वही सत्य साईं सेवा समिति के द्वारा अखंड भजन अराधना महोत्सव, श्री सत्य साईं बाबा जन्मोत्सव के अलावा नारायण सेवा, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, मेडिकल कैंप एवं अन्य आयोजन किए जाते हैं।

# बगीचा एसडीओपी ने जिला पंचायत सदस्य गेंद बिहारी पे वार नहीं किया उसने भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता पर वार किया,मुझ पर वार किया है- सांसद गोमती साय

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

जिला पंचायत जशपुर के जिला पंचायत सदस्य गेंद बिहारी सिंह के साथ एसडीओपी बगीचा शेर बहादुर सिंह के द्वारा किये गए दुर्व्यवहार पर सांसद गोमती साय का बड़ा बयान सामने आया है। सांसद गोमती साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में प्रशासनिक आतंकवाद चरम पर है और जशपुर जैसी शांत फिजा में प्रशासनिक अधिकारियों का आतंकवाद बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा आज बगीचा एसडीओपी ने जिला पंचायत सदस्य गेंद बिहारी से मारपीट नहीं की उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता के साथ मेरे मुंह पर तमाचा मारा है जिसका खामियाजा उसे भुगतना पड़ेगा।





उन्होंने कहा आने वाले समय में इस प्रशासनिक आतंकवाद का जवाब जनता तो देगी ही लेकिन यदि एसडीओपी पर कार्यवाही नहीं होती है तो पूरे जिले के साथ पूरे प्रदेश में आंदोलन उग्र होगा। आपको बता दे कि बगीचा क्षेत्र में एक जमीन विवाद में एसडीओपी गए थे। जहां गेंदबिहारी सिंह के साथ उनकी बहस शुरू हुई जिसके बाद एसडीओपी और उनके 2 पुलिस कमर्चारियों ने गेंदबिहारी सिंह से मारपीट करते हुए उन्हें अपनी वाहन में भरकर बगीचा थाना ले आये जिसके बाद से मामला गर्म हो गया है बगीचा थाने के बाहर हजारो की संख्या में लोग मौजूद है और एसडीओपी के साथ पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही की मांग कर रहे है।

# युवा कांग्रेसियों द्वारा यूथ जोड़ो अभियान किया जा रहा

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी दीदी पलक वर्मा एवम् युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भैया आकाश शर्मा संभाग प्रभारी भैया जिसान कुरैशी,विधानसभा प्रभारी भैया सुमित सरकार, युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भैया शैलेंद्र बंजारे के निर्देशानुसार युवा कांग्रेस के विधानसभा कसडोल के विधानसभा अध्यक्ष किरण यादव के नेतृत्व में आज कसडोल में द्वितीय चरण का यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो के विषय पर विशेष समीक्षा बैठक रखा गया था। समीक्षा बैठक में विधानसभा प्रभारी सुमित सरकार युवाओं को युवा कांग्रेस में अपने जिम्मेदारियों को निष्ठा पूर्वक कार्य करने रहने के निर्देश दिए। साथ ही कहा की कार्य ईमानदारी और लगन से करते रहो एक दिन



लीडर बनकर निकलोगे। ऐप के माध्यम से यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो के टिप्स दिए गए।उन्होंने ने कहा बिना मेहनत करिए आपको सफ लता मिलेगा ही। इस समीक्षा बैठक में सुमित सरकार विधानसभा प्रभारी युवा कांग्रेस कसडोल किरन यादव अध्यक्ष युवा कांग्रेस कसडोल विधानसभा सुयश तिवारी महासचिव विधानसभा युवा कांग्रेस चंदन जायसवाल युवा कांग्रेस नेता,चंदू यादव उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस विधानसभा कसडोल,ईश्वर यादव अशोक पटेल राजसाहू अजय बर्वे शाहिदडांडेकर लोकनाथ पटेल,योगेश जायसवाल विनोद कवर्त्य,समीर गुरु साहू रोहित श्रीवास,उज्जू भाऊ निशु कन्नौज,सिवा राव दयालु दीपक पटेल,आशु अनुराग विकाश अभिलाष जयवंत पिंटू राहुल साहू राजा,हिमांशु अश्वनी अजय सोनवानी यशवंत महिलांग एवम युवा कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भूपेश सरकार से त्रस्त जनता आगामी चुनाव में भाजपा को सौपेगी सत्ता-ओपी चौधरी

## संभागीय बैठक के दौरान निजी चैनल से हुई ओपी चौधरी की राजनैतिक विषयों पर अहम चर्चा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**प्रदेश भाजपा महामंत्री ओपी चौधरी ने संभागीय बैठक के दौरान मीडिया से चर्चा के दौरान कहा भूपेश सरकार की कारगुजारियों से त्रस्त जनता भाजपा को आगामी विधान सभा चुनाव में सत्ता सौपेगी।**

बैठक के दौरान हुई चर्चा एवं भाजपा की कमियों के सवाल पर जवाब देते हुए ओपी ने कहा भाजपा संगठनात्मक पार्टी है। संगठन का कार्य 365 दिनों तक अनवरत चलता है। इस क्रम में प्रदेश प्रभारी ओम माथुर विधानसभा स्तरीय बैठक में शामिल हुए। बैठक में 38 नेताओं के नाम तय किए गए जो तय किए गए विधान सभा में जमीनी कार्यकर्ताओ से संपर्क कर रिचार्ज कर संगठन को मजबूत करेंगे। इसी तर्ज पर संभाग स्तर की बैठके होंगी जिसके राष्ट्रीय पदाधिकारी शामिल होकर मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देंगे। भाजपा की लड़ाई भूपेश बघेल से है या कांग्रेस से है इस सवाल पर उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार माफिया गिरी और भ्रष्टाचार के जरिए प्रदेश से एकत्र किए गए पैसे गांधी परिवार को पहुंचाने का काम कर रहे हैं यही वजह है कि पैसा पहुंचाने की वजह से भूपेश बघेल की सरकार को ढाई साल के बाद भी एक्सटेंशन मिला हुआ है। प्रदेश में लूट माफि या गिरी से उगाही किए गए पैसों से देश को चलाया जा रहा है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार गांधी परिवार के लिए उगाही का एटीएम बन गई है। 15 सालों से भाजपा की सरकार को हटाकर भूपेश सरकार को लाने के



गलती का एहसास आम जनता को हो चुका है। दुर्ग में भाजपा कमजोर है यहां कांग्रेस से निपटने की रणनीति के सवाल पर ओपी ने कहा जनता के आशीर्वाद की हैट्रिक से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनती रही। 1984 में दो सीटों से पूरा हुआ सफ र ढाई दशक बाद पूर्ण बहुमत पर पूरा हुआ। मुट्ठी भर लोगों से शुरू हुई वैचारिक यात्रा पूर्ण बहुमत के आकर रूकी यह सब कुछ पार्टी की अच्छी सोच और भाजपा के सिद्धांत की वजह से संभव हो सका। यह बात प्रदेश की जनता भी अच्छी तरह से देख समझ रही है। पंद्रह सालों के सुशासन पर कांग्रेस का भ्रष्ट तंत्र हावी हो गया। भाजपा के सुशासन पर माफि या गिरी गुंडागर्दी हावी हो गई। इस अंतर को जनता साफ तौर पर समझ रही है। निश्चित रूप से जनता जनार्दन का आशीर्वाद भाजपा को मिलेगा और कमल फू ल खिलेगा।

ओम माथुर के निरंतर दौरे से प्रदेश की जनता एवं कार्यकर्ताओं को अवगत कराए जाने के सवाल पर प्रदेश महामंत्री में कहा ओम माथुर ने पार्टी को सर्व व्यापी के साथ सेवा भावी बनाने पर जोर दिया है। उनका मूल मंत्र है कमल का फूल यही हम सभी की सर्वोच्च प्राथमिकता भी है। सबसे पहले राष्ट्र यह मूल सिद्धांत हमे सिखाया गया है। उनका स्पष्ट संदेश है पार्टी से ऊपर देश है। कार्यकर्ताओं के लिए उनका जीवन एक पाठशाला की तरह है। ओम माथुर का पूरा जीवन संगठन के लिए समर्पित रहा। यही वजह है कि भाजपा के जरिए एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण संभव हो पाया। ऐसे समर्पित भाव की वजह से भारत विश्व गुरु बनने की राह पर है। उनके जीवन से कार्यकर्ताओ को देश के प्रति समर्पण सेवा का संदेश मिलता है। छग में भाजपा को कितनी सीट मिलेगी इस सवाल पर ओपी चौधरी ने पूरे विश्वास के साथ कहा प्रदेश में भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। प्रदेश में द्वितीय पंक्ति के नेताओ केदार कश्यप विजय शर्मा और ओपी चौधरी की जमीनी भूमिका भाजपा के लिए क्या होगी? इस सवाल पर ओपी ने गंभीरता से कहा पार्टी एक तालमेल के साथ वरिष्ठ जनों के अनुभव मार्गदर्शन के जरिए नई लोगों की ऊर्जा के तालमेल के साथ पार्टी आगे बढ़ रही है। भाजपा परिवार वादी पार्टी नहीं है। सभी को समान अवसर देते हुए पार्टी की सतत यात्रा नदी की तरह आगे बढ़ती जाती है। सभी लोगों को साथ लेकर सामंजस्य बनाकर पार्टी लगातार काम कर आगे की रणनीति तैयार कर रही है। भाजपा के अलावा अन्य किसी पार्टी की संभावना पर ओपी चौधरी ने कहा सभी पार्टियों की अपनी अपनी भूमिका एवं शक्ति है। 2003 के दौरान विद्या चरण शुक्ल की एनसीपी ने सात प्रतिशत वोट हासिल कर अपनी ताकत दिखाई। हमारे प्रदेश के क्षेत्र विशेष में बहुजन समाज पार्टी का वोट बैंक है। पिछले विधान सभा चुनाव के दौरान जोगी कांग्रेस के विधायक जीत कर आए। गोंडवाना गड़तंत्र पार्टी का भी लंबे समय से छत्तीसगढ़ में स्पष्ट रूप से राजनीतिक अस्तित्व रहा है। सीपीआई का दंतेवाड़ा सुकमा कोंडा जैसे सीटों में उनकी दमदार मौजूदगी रही है। छोटे रूप में सही सभी क्षेत्रीय पार्टियों में स्वय को बरकरार रखा।

## समाचार सार

### विश्व मलेरिया दिवस पर एकलव्य आदर्श विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली





जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

विश्व मलेरिया दिवस मलेरिया के रोकथाम, नियंत्रण और उन्मूलन की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाता है। इस दिन को हर साल 25 अप्रैल के दिन मनाया जाता है। दुनिया भर में हर साल 25 अप्रैल को इस बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। कोविड महामारी के दौर में भी यह दिवस स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के महत्व को रेखांकित करता है स विश्व मलेरिया दिवस मलेरिया के रोकथाम, नियंत्रण और उन्मूलन की आवश्यकताओं के बारे में जागरूकता बढ़ाता है। यह दिन मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में लगातार महान उपलब्धियों का भी प्रतीक है। मलेरिया के बारे में बेहतर समाज और इसे कैसे ठीक किया जाए इसके लिए लोगों को शिक्षा प्रदान करना भी आवश्यक है मलेरिया एक जानलेवा बीमारी है जो परजीवी प्लाजो मोडिया जीवाणु के काटने से होती है इसी कड़ी में आज विकासखंड कुसमी के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने नगर भ्रमण कर लोगों को मलेरिया रोग से रोकथाम के प्रति जागरूक किया जिसमें विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं ने शिक्षकों के दिशा निर्देश मे रह कर बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### नेशनल हाईवे 130 में सड़क हादसा मैजिक को टेलर ने मारी टक्कर, तीन महिलाओं की हालत गंभीर

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

बिलासपुर से रतनपुर के लिए आ रही सवारी मैजिक रानीगांव मदनपुर के पास सवारी उतार रहा था उसी समय एक ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 बी 4734 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मैजिक सीजी 17 केपी 261 को ठोकर मार दिया, ठोकर इतनी जबरदस्त थी की मैजिक के परखच्चे उड़ गए और मैजिक गड्ढे में जा गिरी मैजिक में लगभग 8 से 10 सवारी बैठे थे जिसमें सभी यात्रियों को गंभीर चोट आई है। जिसे रतनपुर पुलिस के द्वारा 112 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुर लाया गया जिसमें 3 लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है इनमें से पुष्पा पति पवन 68 वर्ष और लक्ष्मी पति कान्हा लगभग 68 वर्ष दोनों राजकिशोर नगर बिलासपुर से महामाया दर्शन के लिए आ रहे थे वही एक महिला सावित्री बिलासपुर से मदनपुर आ रही थी अभी मैजिक मदनपुर के पास पहुंचा ही था की ट्रेलर की चपेट में आ जाने के कारण तीनों महिला को गंभीर चोटें आई हैं जिन्हें बिलासपुर सिम्स रिफर किया गया है और बाकी लोगों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुर में इलाज चल रहा है वही ट्रेलर चालक और ट्रेलर को रतनपुर थाने में लाया गया है जिस पर रतनपुर पुलिस जांच में जुटी हुई।





### राज्य पोषित डेयरी विकास योजना से गौठान के सदस्य हो रहे लाभान्वित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

पशुधन विभाग द्वारा जिले में स्व.सहायता समूहों एवं अन्य हितग्राहियों को छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़कर आर्थिक रूप से सक्षम बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में शासन की महत्वकांक्षी योजना अंतर्गत निर्मित गौठान फरसाबहार में कार्यरत स्व सहायता समूहों के सदस्यों को वर्ष 2022-23 राज्य पोषित डेयरी उद्यमिता विकास योजना अंतर्गत एक इकाई 2 नग गायद्ध पशुधन विकास विभाग की ओर से प्रदाय किया गया। इनमें दीप स्व सहायता समूह के सदस्य बिबयाना मिंज, जय मां भवानी स्व.सहायता समूह के सदस्य तरसिला कुजूर, वर्षा स्व.सहायता समूह के सदस्य जीवन झरना तिर्की, बसंती बाई,बसंती यादव, भाग्यलक्ष्मी स्व.सहायता समूह के सदस्य लक्ष्मी यादव, भारत स्व.सहायता समूह के सदस्य तिलोतमा और प्रगति स्व.सहायता समूह के सदस्य खीरकुमारी पटेल शामिल हैं। पूर्व में समूह के सदस्यों के पास आय का कोई साधन नहीं था। वर्तमान में प्रति समूह के पास 2.6 गाय है। जिनसे प्रति माह 3600 लीटर दूध प्राप्त हो रहा है।

# जंगली जीवों की अवैध तस्करी व हत्याओं पर रोक लगाने बीएसपी ने सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।

बारनयापारा एवं जिला के अन्य वनांचल क्षेत्रों में हांथी दांत व जानवरों के सिंग, खाल, नाखून व मांश आदि के तस्करी के लिए होता है जंगली जानवरों की निर्मम हत्याएं। जिला के कसडोल विकासखंड के अंतर्गत स्थिति बारनवपारा अभ्यारण सहित वनंचल क्षेत्रों मे जानवरों की लगातार हो रही हत्याओं व तस्करी पर रोक लगाने व जिला वनमंडलाधिकारी मयंक अग्रवाल को हटाने के लिए बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारीयों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। बताते चले कि बारनवापारा अभ्यारण एवं अन्य वनांचल क्षेत्रों में प्रशासन द्वारा जंगली जानवरों पक्षीयों के लिए पेयजल की उचित व्यवस्था नहीं किये जाने के कारण वे पानी की तलाश में भटकते हुए शिकारियों द्वारा फैलाये हुवे जाल करेंट में फंश कर आसानी से शिकार हो जाते हैं तथा ग्रामीण क्षेत्रों में भी पानी की तलाश में भटकते हुए प्रवेश कर जाते हैं जिसके कारण आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बारनयापारा अभ्यारण एवं जिला के अन्य वनांचल क्षेत्रों में जंगली जानवरों



व पक्षीयां का दांत, नाखून, चमड़ा, सिंग एवं मांस आदि का तस्करी करने के उद्देश्य से नित प्रतिदिन हाथी, तेंदुवा,भालू, चीतल, जंगली सूअर, हिरण व राष्ट्रीय पक्षी मयूर आदि का करेंट लगाकर एवं अन्य माध्यमों से निर्मम हत्याएं किया जा रहा है। जिसके कारण इनकी संख्या क्षेत्र में निरंतर घटती जा रही है। साथ ही सुरक्षित वन क्षेत्रों में बड़ी-बड़ी इमारती लकड़ीयों व अन्य वनस्पतियों का भारी मात्रा में अधिकारी-कर्मचारियों के नाक के नीचे से तस्करी किया जा रहा है। किन्तु वन विभाग द्वारा छोटे-मोटे कांदा चोरों पर कार्यवाही कर खानापूर्ति किया जाता है जबकि क्षेत्र में सक्रिय राष्ट्रीय अंतराष्ट्रीय तस्कर गिरोह बेखौफ दिनदहाड़े जानवरों की करेंट लगाकर हत्याएं कर रहे हैं। सरकार द्वारा वन्य जीवों के संरक्षण के लिए प्रतिवर्ष करोड़ों रुपये खर्च करने का झूठा प्रचार किया जाता है किन्तु जीव जंतु कल्याण बोर्ड का अध्यक्ष स्थानीय होने के बावजूद भी इन बेजुबान जानवरों व पक्षीयों के मौत पर सरकार के तरफ से सुरक्षा व्यवस्था हेतु कलम के क बोलने को तैयार नहीं है। वन विभाग में भ्रस्टाचार का अम्बार फैला हुवा है। बहुजन समाज पार्टी द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन देकर सरकार व प्रशासन से यह मांग किया है कि उक्त मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों पर उचित कार्यवाही किया जाना चाहिए। उक्त मामले को गंभीरता से नहीं लेने पर बहुजन समाज पार्टी द्वारा डी. एफ ओ कार्यालय का घेराव कर अनिश्चित कालीन विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान जिला अध्यक्ष सतीश मनहरे, जिला महासचिव देवेंद्र पात्रे, रवि रविन्द्र अध्यक्ष विधानसभा कसडोल, संतोष कुमार विधानसभा अध्यक्ष बलौदा बाजार, विनोद जांगड़े जिला बीवीएफसंयोजक, आजेश कठोत्रे बीवीएफ संयोजक, सुंदर लाल गायकवाड़, विधानसभा महासचिव उत्तरा शांडे, कृपाराम शांडे, परशु कोसले, राजकिरण गायकवाड़, सहित सैकड़ों साथी उपस्थित रहे।

# 251 जोड़ो का सामूहिक तुलसी विवाह एकादशी उद्यापन सफलता की ओर अग्रसर

जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।

महिला जागरण मंडल खरसिया द्वारा 23 एवं 24 नवंबर 2023 को दो दिवसीय तुलसी विवाह एकादशी उद्यापन का कार्यक्रम स्थान अजीत सिंह नगर एवं कन्या भवन खरसिया में रखा गया है। छत्तीसगढ़ में पहली बार 251 जोड़ो का सामूहिक तुलसी विवाह एकादशी उद्यापन में शामिल होने छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उड़ीसा एवं कलकत्ता से उद्यापनकर्ता पहुंचेंगे। तुलसी विवाह कार्यक्रम में हिंदुस्तान के सर्वश्रेष्ठ कथा वाचक पुनीत कृष्ण महाराज वृंदावन, के मार्गदर्शन में 51 विद्वान पंडितो की टीम द्वारा पूरे विधि-विधान से उद्यापन कार्य संपन्न कराया जावेगा। विदित हो की इनके सानिध्य में कोरबा,




अकलतरा एवं झारसुगड़ा में सफल कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके है। आपको बताते हुए हर्ष हो रहा है की तुलसी विवाह उद्यापन कार्यक्रम के लिए पंडित पुनीत कृष्ण महाराज पूरे हिन्दुस्तान में विशेष रूप से जाने जाते है एवं इनका मार्गदर्शन व सानिध्य पाने एवं तुलसी विवाह का भरपूर आनंद लेने हिन्दुस्तान के कोने-कोने से इनके शिष्य खरसिया कार्यक्रम में पहुंचेंगे।

### भव्य शोभा यात्रा एवं बारात

आयोजन समिति के प्रमुख ने बताया कि तुलसी विवाह कार्यक्रम नृत्य नाटिका एवं संगीतमय भजनों के साथ संपन्न होगा तथा शोभा यात्रा एवं बारात को और भी आकर्षक स्वरूप देने के लिए नगर की युवा टीम बैंड.बाजा, धमाल, आतिशबाजी एवं झाकियों सहित अन्य व्यवस्था करने में उत्साह के साथ लगी हुई है।

23 नवंबर को तुलसी विवाह उद्यापन कार्यक्रम, शोभा यात्रा एवं बारात तथा 24 नवंबर को हवन महाप्रसाद व भोग भंडारा का कार्यक्रम आयोजित है। कार्यक्रम में समस्त पूजा सामग्री समिति द्वारा दी जावेगी। एवं प्रसिद्ध कैटर्स द्वारा नाश्ता भोजन व फ्लाहार इत्यादि की व्यवस्था की जावेगी। बाहर से आने वाले उद्यापनकर्ताओ के लिए कन्या भवन में रुकने की नि:शुल्क व्यवस्था समिति द्वारा की जा रही है।

### महामंडेलश्वर हरिहरानंद सरस्वती महाराज का खरसिया आगमन

उपरोक्त कार्यक्रम में दैवी संपद मंडल के प्रमुख महामंडलेश्वर हरिहरानंद सरस्वती महाराज एवं अन्य साधु संत उद्यापनकर्ताओं एवं नगरवासियों को आशीर्वाद देने उपस्थित रहेंगे।

जोहार छत्तीसगढ़
धरमजयगढ़, गुरुवार 27 अप्रैल 2023

# समय सीमा का बैठक संपन्न, अधिकारी लंबित प्रकरणो को तत्काल करें निराकरण-कलेक्टर

* बोरे बासी खाकर मनाया जाएगा श्रमिक दिवस

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।




कलेक्टर इफ्फ त आरा ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में विभागवार समीक्षा कर लंबित प्रकरणों के निराकरण निर्देश दिए। उन्होंने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी बेरोजगारी भत्ता योजना के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में कलस्टरवार तथा जनपदवार लंबित आवेदनों का निराकरण अति शीघ्र करें। ऐसे आवेदकों का आवेदन अवश्य स्वीकृत करें जो वास्तव में जरूरतमंद है। उनका परीक्षण भी अच्छे से करें। आगामी 30 अप्रैल 2023 को मुख्यमंत्री बेरोजगारी भत्ता की पहली किस्त जारी करने वाले है। सभी जनपद सीईओ अपने-अपने जनपदों से 2.2 हितग्राही का चिन्हांकन कर ले। साथ जिले से वर्चुअल के माध्यम से भी हितग्राहियों से मुख्यमंत्री जी वार्तालाप करेंगे। उसके लिए भी जिला मुख्यालय के लिए हितग्राहियों का चिन्हांकन कर ले। कलेक्टर ने निर्देष देते हुए कहा है कि उन्हीं हितग्राहियों का चिन्हांकन करें जिनकी वास्तविक स्वीकृत हो, उनके बैंक खाते का सत्यापन हुआ हो तथा उनका नाम, मोबाइल नम्बर तथा आवेदन संख्या की जानकारी के साथ वर्चुअल के लिए उपस्थित हो।

कलेक्टर ने एफआर, ग्रामों में सुविधा के विस्तार पर चर्चा करते हुए कहा सभी विभाग प्रमुख सुनिश्चित करें कि उनके विभाग की योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को मिले। उन्होंने जनपदवार चिन्हांकित गांवों में बर्तन बैंक की स्थापना करने के निर्देष दिये। उन्होंने जिले में आयुष्मान कार्ड की प्रगति की जानकारी लेते हुए सीएमएचओ को निर्देश देते हुए कहा प्रतिदिन खण्ड चिकित्सा अधिकारी आरएचओ से प्रगति की जानकारी ले तथा आयुष्मान कार्ड की प्रगति से अवगत कराये। सर्व एसडीएम आय, जाति, निवास प्रमाण पत्रों को समय सीमा में निराकरण करें। उन्होंने स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय में प्रवेष की जानकारी लेते हुए जिला षिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये लॉटरी पद्धति से निष्पक्ष प्रवेश कराना सुनिश्चित करेंउन्होंने समस्त एसडीएम एवं जनपद सीईओ को बताया कि मुख्यमंत्री ने पिछले वर्ष 1 मई 2023 को श्रमिक दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ का लोकप्रिय भोजन बोरे.बासी खाकर श्रमिक दिसव मनाने की नई रीत की शुरूवात की थी। ठीक उसी प्रकार इस वर्ष भी सभी मुख्यालयों में बोरे बासी खाकर श्रम दिवस मनाया जायेगा। सभी अधिकारी मुख्यालय में बोर बासी खाने और श्रमिक दिवस मनाने की तैयारी करें। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल-जल योजना के तहत पानी टंकी निर्माण, पाइप लाइन विस्तार, सोलर पंप स्थापना आदि के प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने स्वच्छ भारत मिषन ग्रामीण के लिए पानी की पर्याप्त उपलब्धता के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देष दिये। उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग, पीएमजीएसवाई तथा सीएमजीएसवाई से बनने वाले सड़कों की जानकारी ली। नये कार्यों की जानकारी लेते हुए पुराने बचे हुए कार्य को पूर्ण करने के निर्देष दिये।

कलेक्टर सुश्री आरा ने जाति प्रमाण पत्र, श्रमिक पंजीयन के प्रगति की जानकारी ली तथा शत प्रतिशत श्रमिक पंजीयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री जन चौपाल, कलेक्टर ने शिकायत शाखा, जन शिकायत एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। सभी आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर करने निर्देश दिए। बैठक में वन मण्डलाधिकारी संजय यादव, संयुक्त कलेक्टर नरेंद्र पैंकरा, डॉ. प्रियंका वर्मा, एसडीएम रवि सिंह, नन्द पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर उत्तम रजक, समस्त जनपद सीईओ सहित विभाग के समस्त जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने जिले के सहकारी दुग्ध केन्द्रों का किया निरीक्षण

पशु चिकित्सा विभाग को दुग्ध संग्रहण की मात्रा बढ़ाने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।



कलेक्टर डॉ. फ रिहा आलम सिद्दीकी आज सारंगढ़ खर्री बड़े, एवं बनहर ग्राम स्थित सहकारी दुग्ध संग्रहण केन्द्रों के दौरे पर रहीं। इस दौरान उन्होंने खर्री बड़े, के सहकारी दुग्ध केन्द्र में दुग्ध संग्रहण कार्यों का जायजा लिया। उपस्थित विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उक्त केन्द्र में लगभग 48 से 50 गांवों से दूध संग्रहित होता है। कलेक्टर ने आगामी महीनों में गाँव में जाकर चर्चा करते हुए और अधिक गांव जोड़ने के लिए कहा। इसके साथ ही केन्द्र से जुड़े समितियों की सूची बनाने के निर्देश दिए। केन्द्र में दुग्ध जमा करने आए स्थानीय ग्रामीण ने बताया कि वे 40.50 लीटर दूध आकर देते हैं। कलेक्टर ने ग्रामीण किसान से चर्चा कर गौठान में गोबर एवं पैरादान करने को कहा, जिस पर ग्रामीण ने बताया कि वे गौठान में गोबर देकर जाते हैं। इसी क्रम में कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने ग्राम बनहर स्थित सहकारी दुग्ध केन्द्र का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने केन्द्र के समन्वयक को दूध का कलेक्शन बढ़ाने हेतु निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम मोनिका वर्मा एवं पशु चिकित्सा विभाग के पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने आत्मानंद स्कूल गोड़म का किया निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।



कलेक्टर डॉ फ रिहा आलम सिद्दीकी ने आज गोड़म के निर्माणाधीन शासकीय आत्मानंद स्कूल का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने स्कूल में लंबित निर्माणाधीन मरम्मत कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने स्कूल के समस्त क्लासरूम, स्टाफ रूम एवं पुस्तकालय का निरीक्षण किया। स्कूल में क्लासरूम की कुल संख्या एवं कक्षाओं की संख्या के बारे में जानकारी ली। उन्होंने शौचालय की व्यवस्था एवं पेयजल की व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि स्कूल में छात्रों के सुविधा के लिए एक पृथक कम्प्यूटर लैब, पुस्तकालय एवं एक रीडिंग रूम बनाया जाए। इसके साथ ही कलेक्टर ने स्कूल की दर्ज संख्या अनुसार शौचालय निर्माण करने के निर्देश दिए। उक्त निरीक्षण में एसडीएम मोनिका वर्मा एवं शिक्षा विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बजट में छत्तीसगढ़ में 101 नवीन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले जाने की घोषणा की है। इसी क्रम में सभी जिलों में स्कूलों का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। आत्मानंद स्कूलों की स्थापना के बाद छत्तीसगढ़ के स्कूली बच्चों में अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल बन रहा है। राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई अंग्रेजी स्कूलों की श्रृंखला से जिला मुख्यालयों और विकासखंड स्तर पर बड़ी संख्या में गरीब और कमजोर वर्ग के प्रतिभावान बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। इसलिए राज्य सरकार द्वारा अंग्रेजी माध्यम के साथ-साथ हिन्दी माध्यम के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रारंभ किए जा रहे हैं।

# धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।

अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर ब्राह्मण समाज द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी आराध्य देव भगवान परशुराम का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने ब्राह्मण समाज खरसिया एवं परशुराम ट्रस्ट के सानिध्य में समाज के युवाओं द्वारा 3 दिनों तक विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था जिसमें मेहंदी सजाओ, थाली सजाओ, कैरम बोर्ड, लूडो, बैडमिंटन तथा क्रिकेट प्रतियोगिता सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया था जिसमें समाज के युवा महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। तत्पश्चात 22 अप्रैल शनिवार को प्रात: 10 भगवान परशुराम चौक में स्थापित स्मारक स्थल पर भगवान परशुराम की प्रतिमा में ब्राह्मण समाज के सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में पूजन आरती के पश्चात युवाओं द्वारा विशाल मोटरसाइकिल रैली निकाली गई जो शहर भ्रमण करते हुए स्मारक भगवान परशुराम चौक पहुंचकर समाप्त हुई शाम को



प्रस्तावित परशुराम भवन स्थल पर समाज के सैकड़ों लोग जिसमें महिलाओं एवं बच्चे भी शामिल थी की उपस्थिति में परशुराम धर्मदा ट्रस्ट के प्रमुख ट्रस्टी पंडित जगन्नाथ शर्मा जी के कर कमलों से परशुराम भवन के लिए विधिवत नारियल फोड़कर पूजन किया गया उसके बाद ढोल ताशे आदिवासी करमा नृत्य एवं डीजे की धुन पर रिमझिम बरसात के बीच विशाल शोभायात्रा निकाली गई जो नगर भ्रमण करते हुए परशुराम चौक स्मारक स्थल पर समाप्त हुई जहां पूजन अर्चन कर विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतियोगिता, प्रथम एवं द्वितीय आए बच्चों को पुरस्कार प्रदान किया गया शोभा यात्रा के दौरान नगर में जगह-जगह विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा पेयजल आइसक्रीम कोल्ड ड्रिंक के साथ समाज के लोगों का स्वागत किया गया। ब्राह्मण समाज खरसिया एवं परशुराम ट्रस्ट ने सभी का आभार प्रकट किया है।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम जनता की समस्याएं

प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने अपने कार्यालय कक्ष के बाहर में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न दूर.दराज क्षेत्रों से आए आमनागरिकों और ग्रामीणों की समस्याएं और शिकायते सुनी। सभी की आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। वही आज जनदर्शन में कुल 34 आवेदन प्राप्त हुए। इसी क्रम में आज जनदर्शन में अडभार तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम गोरखापाली निवासी देवसिंह पटेल पिता अंतराम पटेल ने अपने पुत्र स्वण्भागवत प्रसाद पटेल के बिजली बिल माफ किए जाने के सम्बन्ध में आज जनदर्शन पहुंचे हुए थे। जैजैपुर तहसील के ग्राम ठठारी निवासी शंभू लाल लाठिया ने अनाहरित सामान्य भविष्यनिधि राशि का भुगतान करने के सम्बन्ध में पहुंचे, लखन लाल राठौर ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष जनपद पंचायत जैजैपुर ने ग्राम पंचायत सिरली सरपंच द्वारा 14 वित्त एवं 15 वित्त की राशि द्वारा जो कार्य किया गया है उसकी जांच कराने के संबंध में एवं मनरेगा के तहत ग्राम सिरली के कलमीमांग तलाब में गहरीकरण किया गया है उसकी जांच कराने के संबंध में आज जनदर्शन में पहुंचे हुए थे। डभरा विकासखंड के ग्राम सारसकेला निवासी छोटेलाल दिल्लो, दिव्या दिल्लो ने मजदूरी करते वक्त दुर्घटना का शिकार हो जाने से परिवारिक स्थिति अति दैनिय होने व स्वास्थ्य सुधार हेतु इलाज के लिए सहायता प्रदान करने की संबंध में पहुंचे थे।

डभरा तहसील ग्राम सिंघीतराई के रामाधार, मंगल, साधुशरण, चिन्ता दिवाकर एवं ग्रामवासी राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग प्रोजेक्ट छत्तीसगढ़ सड़क विकास परियोजना लोक निर्माण विभाग बिलासपुर को सक्ती टुंडरी मार्ग लंबाई 31. 481 किलोमीटर में भूमिग्रहित भूमि का मुआवजा भूमि स्वामियों को भुगतान करने के संबंध में पहुंचे हुए थे। डभरा तहसील ग्राम नवापारा निवासी देवकुमार पटेल पिता दयालु पटेल ने शासन के अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा बार बार तंग करने के संबंध में पहुंचे हुए थे। संतोष राठौर उपसरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत सिरली रायपुरा ने पटवारी हल्का नंबर 20 संगीता चंद्रा मुख्यालय रायपुरा के विरुद्ध कार्यवाही कर स्थांनतरण कराने के सम्बन्ध में पहुंचे, जैजैपुर तहसील के चतुर सिंह चंद्रा ग्राम केकराभाठा निवासी ने टावर लाइन का मुआवजा के सम्बन्ध में, तो वही हसौद तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम देवरीमठ निवासी समारिन बाई पति बाबूलाल जाति गांडा ने पीडब्ल्यू रोड मेरे नाम की जमीन सड़क निर्माण में पढ़ रहा है उसका मुआवजा राशि अभी तक नहीं मिला है उसको दिलाने के संबंध में आज जनदर्शन में पहुंचे हुए थे। इसी प्रकार आज जनदर्शन में कुल 34 आवेदन प्राप्त हुए। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि शासन के मंशानुरूप आमजनों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ तथा शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना द्वारा कलेक्टोरेट कार्यालय में जिला स्तरीय जनदर्शन का आयोजन प्रत्येक बुधवार को आयोजित किया जाता है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बसदेई में मनाया गया विश्व मलेरिया दिवस

डॉक्टरों ने बताया मलेरिया का लक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।




सूरजपुर कलेक्टर इफ्फत आरा के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बसदेई में विश्व मलेरिया दिवस का आयोजन किया गया। संस्था प्रभारी डॉ मीना सोनी ने मलेरिया संबंधित सभी जानकारी ग्रामीणों को दी उन्होंने बताया कि मलेरिया से बचने के लिए 2008 से हर साल विश्व मलेरिया दिवस मनाया जा रहा है ताकि लोगों को मलेरिया से बचने हेतु जागरूक किया जा सके। इस वर्ष का थीम है टाइम टू डिलीवर जीरो मलेरिया। मलेरिया मुख्यत: मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से होता है मलेरिया के लक्षण सामान्यत: ठंड के साथ तेज बुखार, सिर दर्द, चक्कर बदन दर्द, उल्टी, खून की कमी आदि होते हैं मच्छर काटने 6-7 दिन के बाद लक्षण उत्पन्न होते हैं मलेरिया से बचने के लिए हमें अपने आसपास का साफसफाई रखना चाहिए, कहीं भी गंदगी ना होने दें। गड्ढों को पटवा दें ताकि पानी जमा ना हो आसपास पानी जमा हो तो निकाल दें। पानी जमाव वाले स्थान में मिट्टी का तेल डालें जिससे मलेरिया के लार्वा उत्पन्न ना हो। मलेरिया से बचने के लिए मच्छरदानी का उपयोग करें, घर के खिड़की, दरवाजे में जाली का उपयोग करें फुल स्लीव के कपड़े पहने। बुखार आने पर ताजे फल, हरी सब्जियों एवं तरल पदार्थों का सेवन करें जिससे शरीर में पानी की कमी ना हो। कार्यक्रम में डॉ मीना सोनी, दिनेश राजवाड़े, मारुति नंदन चक्रधारी, मनीष दीपक साहू स्टाफ नर्स ज्योति, आरती झारिया आदि स्टाफ एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# महिला समूह ने डोर टू डोर कचड़ा कलेक्शन कर 10 महीना में कमाए 1लाख

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।




कलेक्टर इफ्फ त आरा तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत ओड़गी के ग्राम पंचायत ओड़गी अंतर्गत कृष्णा महीला समुह स्वच्छाग्राहीयों द्वारा डोर टू डोर कचड़ा संग्रहण किया जा रहा है। कृष्णा महीला समूह के अध्यक्ष सुनिता व सचिव रितु यादव के साथ सदस्य सुमित्रा, लिलावती, पुर्णिमा राजकुमारी, मुन्नीबाई द्वारा प्रति दिन डोर टू डोर भ्रमण करने के साथ दुकान परिसर एवं शासकिय भवन अस्पताल, स्कूल, हास्टल का साफ सफाई करते हुए कचड़ा कलेक्शन किया जाता है। समुह द्वारा पिछले दस माह से कचड़ा सेगिग्रेशन शेड़ में संग्रहण किया जाता हैए समुह द्वारा संग्रहित कचड़ा का फि ल्टींग कर अलग-अलग प्रकार के समुहों में छटाई किया जाता है। जिसमे सिंगल यूज प्लास्टिक के बॉटल, डिस्पोजल, पेपर, कार्टुन, किताब कॉपी, मोटे पुठ्ठे कोंच का बॉटल, टिना, लोहा के टूकडे आदि को कचड़ा शेड में छटाई कर बिक्रय किया जाता है। कृष्णा महिला समुह द्वारा अब तक एक लाख रूपये से उपर का कचड़ा बेचा गया है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामिण के इस योजना के क्रियान्वयन से समुह के सदस्यों के जीवन में खुशहाली आयी है तथा वे आजीविका गतिविधि करते हुए आर्थीक सशक्तिकरण की ओर आगे बढ़ रहे है। कचड़ा संग्रहण से प्राप्त आमदनी से उनके दैनिक घरेलू वस्तुओं तथा बच्चों कि पढाई लिखाई में मददगार साबित हो रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ओड़गी के मार्गदर्शन एवं सहयोग से जनपद पंचायत ओड़गी के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत, जैसे कुदरगढ़, दवना, लांजीत, बिहारपुर, धरसेड़ी, नवगई कचड़ा संग्रहण का कार्य समुह के दिदियों द्वारा कचड़ा संग्रहण किया जा रहा है, आने वाले समय में अन्य समूहों को भी आजीवीका का साधन बनेगा।

# गुरुश्री मिनरल के मालिक ने आदिवासी के नाम खरीदी 149 एकड़ जमीन

इनकम टैक्स विभाग ने डिप्टी कमिश्नर कलेक्टर को पत्र लिखकर जमीन को अटैच करने कहा

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।






नवीन जिला सक्ती में अपने ड्राइवर के नाम पर जमीन खरीदने का मामला सामने आया है। जिले के ग्राम डूमरपारा मे स्थित गुरुश्री मिनरल्स के मालिक ने आदिवासियों के नाम पर आदिवासियों की जमीन खरीद ली और 149 एकड़ जमीन की रजिस्ट्री अपने ड्राइवर, उसके बेटे व उसकी बेटियों के नाम पर करा दी। आयकर विभाग ने इन जमीनों का रिकॉर्ड खंगाला तो यह सवाल सामने आया कि किसी ड्राइवर के पास इतनी जमीन खरीदने के लिए आखिर पैसा कैसे व कहां से आ सकता है। जांच हुई तो इन जमीनों को बेनामी संपत्ति मान लिया गया। बेनामी संपत्ति के दायरे में आने के बाद इनकम टैक्स विभाग के डिप्टी कमिश्नर ने सक्ती कलेक्टर को पत्र लिखकर इन जमीनों को अटैच करने कहा है। साथ ही इन जमीनों की खरीदी, बिक्री, ट्रांसफ र, गिरवी आदि रखने पर रोक लगाने भी कहा गया है। गौरतलब है कि सक्ती जिले के बाराद्वार, जैजैपुर, डूमरपारा सहित आसपास के गांवों में डोलोमाइट की प्रचुर संभावना है। इस जिले का डोलोमाइट देशभर के उद्योगों में पहुंचाया जाता है। आने वाले पांच सालों में यह देश का सबसे बड़ा डोलोमाइट हब के रूप में जाना जाएगा। सक्ती जिले के कई गांवों में आदिवासियों की बहुतायत है, जाहिर है जमीन भी उनकी ही है। उनकी जमीन आसानी से सामान्य लोगों को मिल नहीं सकतीए इसलिए ऐसे ही किसी आदिवासी के नाम जमीन खरीद कर लोगों ने उद्योग लगा लिया है। इसकी जांच इनकम टैक्स विभाग द्वारा की जा रही है, तो ऐसे मामले सामने आ रहे हैं। कर्मचारी के नाम पर खरीदी बेनामी संपत्ति आयकर विभाग के डिप्टी कमिश्नर सन्नी कछवाहा ने अपने पत्र मे गुरुश्री मिनरल्स की ऐसी ही बेनामी संपत्ति का खुलासा किया है। इस कंपनी के मालिक द्वारा अपने ड्राइवर रतन सिंह व उसके परिवार वालों के नाम पर जैजैपुर ब्लॉक के खम्हरिया, अकलसरा, छीतापंडरिया गांवों की जमीन खरीदी गई है।

## आयकर विभाग ने सक्ती कलेक्टर को लिखा पत्र

आयकर विभाग से सक्ती कलेक्टर को आए पत्र के अनुसार आदिवासियों की जमीन रतन सिदार पिता गणेश राम सिदार, छत्रपाल सिंह पिता रतन सिंह सिदार, कु.ज्योति सिदार पिता रतनसिंह सिदार और कु. प्रीति सिदार पिता रतन सिंह सिदार के नाम पर खरीदी कर रजिस्ट्री कराई गई है। पत्र मे रतन सिंह सिदार को गुरुश्री मिनरल्स के डायरेक्टर मुकेश बंसल का ड्राइवर बताया गया है। इनके नाम से खरीदी गई जमीन के लाभान्वित होने वाले वर्तमान मालिकों में गुरुश्री मिनरल्स प्रायवेट लिमिटेड बताया गया है। इस कंपनी में मुकेश बंसल के अलावा नानक बंसल, संजय कुमार यादव और मनमोहन शर्मा को पार्टनर बताया गया है।

## कर्मचारियों के नाम पर खरीदी बेनामी संपत्ति

इस संबंध मे सक्ती कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना ने बताया को सक्ती जिले के डूमरपारा मे स्थित गुरूश्री मिनरल्स के मालिक द्वारा अपने कर्मचारियों के नाम से बेनामी संपत्ति खरीदी गई है। जिसे अटैच करने के लिए आयकर विभाग से पत्र आया है। जिस पर कार्यवाही की जा रही है।

# कलेक्टर जनदर्शन में भारतीय स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक के खिलाफ की गई शिकायत

जोहार छत्तीसगढ़- रतनपुर।






बिलासपुर जिला कलेक्टर सौरभ कुमार से सप्ताहिक जनदर्शन में प्रधानमंत्री की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत लोन राशि नहीं मिलने की शिकायत कोटा भारतीय स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक अमृत कुमार एक्का और सहायक प्रबंधक अंकिता गुप्ता के खिलाफ कलेक्टर से शिकायत की गई शिकायत में कहा गया है कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के युवाओं और बेरोजगारों के लिए प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत बैंक के माध्यम से रोजगार करने हेतु लोन दी जाती है लेकिन इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है लोन देने के नाम पर पिछले 6 माह से गुमराह किया जा रहा है मुद्रा योजना के तहत लोन लेने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था जिसमें नियम अनुसार सभी दस्तावेज शाखा प्रबंधक अमृत कुमार एक्का को दी गई उसके बाद भी अब तक कोई कार्यवाही नही होने से परेशान और मानसिक तनाव के कारण गोबरीपाट निवासी संजय कुमार बंजारे के जिला कलेक्टर के पास जाकर शिकायत दर्ज कराई गई है। शाखा प्रबंधक अमृत कुमार एक्का के द्वारा लोन देने के नाम पर कभी दस्तावेज अधूरा है तो कभी गुमास्ता नही है के नाम पर कई महीनों तक बैंक का चक्कर कटवा रहा है जब पूरी दस्तावेज बैंक में पेश करने के बाद भी लोन की राशि नही दी गई सहायक प्रबंधक अंकिता गुप्ता के द्वारा दुकान का निरीक्षण भी किया गया उसके बाद पीड़ित को बोल दिया कि 13 अप्रैल ल को गई थी तो दुकान बंद है करके लोन देने से किया इंकार जब लोन ही नही देना था तो 21 नवम्बर 2022 को जनपद पंचायत कोटा प्रांगण में शिविर का आयोजन क्यो किया। लोन की राशि मिल जाएगा करके पीड़ित ने कुछ साहूकार से कर्ज लेकर दुकान के लिए सामन भी खरीदी की अब कर्ज से लिये हुए रुपये को कैसे चुका पायेगा लोन नहीं मिलने से मानसिक तनाव की स्थिति बन गई है। अगर प्रधानमंत्री मुद्रा योजना का लाभ मध्यम वर्ग के लोगों को नहीं मिल रहा है तो यह योजना केंद्र सरकार को बंद कर देना चाहिए ताकि लोग बैंक के चक्कर काटने से बच जाए।

## भारतीय जनता युवा मोर्चा ने बलरामपुर मुख्यालय में रोजगार को लेकर रोजगार कार्यालय का किया घेराव,युवाओं ने किया जबरदस्त प्रदर्शन

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी





25 अप्रैल को भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा जिला बलरामपुर मुख्यालय में रोजगार को लेकर रोजगार कार्यालय का घेराव करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में युवाओं ने भाग लिया इस कार्यक्रम का मार्गदर्शन रामविचार नेताम और कार्यक्रम का नेतृत्व भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत ने किया साथ ही साथ समरी विधानसभा के जिला पंचायत सदस्य प्रदेश मंत्री अंकुश सिंह ने भी अपने क्षेत्र का नेतृत्व किया इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में युवाओं ने हनुमान मंदिर से सभा कर रोजगार कार्यालय का घेराव किया गया।

जिसमें पुलिस के द्वारा पानी की बौछार और बेरोजगार युवाओं का आवाज उठाने वाला युवा मोर्चा के साथियों पर लाठी की बौछार की गई जिसमें कई कार्यकर्ता घायल हुए, जिसमें युवा मोर्चा के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया और इस भूपेश बघेल की निकम्मी सरकार को चेतावनी दी गई क्योंकि भूपेश बघेल ने जो वादा किया था युवाओं को रोजगार देने का रोजगार तो नहीं दे रहे हैं। लेकिन बेरोजगारी भत्ता में भी नियम शर्ते लगाकर सब लोगों को अपात्र कर दे रहे हैं। इस संबंध में ज्ञापन सौंपा गया। इस कार्यक्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम, प्रदेश महामंत्री अंकित जयसवाल, प्रदेश मंत्री अंकुश सिंह, भाजयुमो जिला अध्यक्ष कमलेश मार्को, महामंत्रीअश्विनी गुप्ता, शुभम सोनी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रीतम गुप्ता, रविकांत उराव, अजय कुमार यादव, प्रशांत सिंह, अंश सिंह, गहरवार, सहित अनेको पदाधिकारी उपस्थित रहे।।

## कोयले का अवैध परिवहन करते दो हाइवा चालक गिरफ्तार

तमनार पुलिस ने हाईवा वाहन में लोड 33 टन कोयला और हाइवा वाहन की जब्त, आरोपियों पर कार्यवाही कर भेजा रिमांड पर

जोहार छत्तीसगढ़- रायगढ़।





कोयला के अवैध बिक्री, परिवहन पर रोकथाम के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा थाना, चौकी प्रभारियों को मुखबिर लगाकर प्रभावी कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में 25 अप्रैल 2023 के शाम तमनार थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण मिंज के नेतृत्व में तमनार पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर जिंदल कंपनी के गेट नंबर 4 के सामने सलिहाभांठा मेन रोड पर दो ओडिशा पासिंग हाईवा वाहन को पकड़ा गया । दोनों वाहनों में क्रमशः 19 टन और 14 टन चोरी का कोयला लोड थे। वाहन चालकों ने बताया कि वे उड़ीसा के सुंदरगढ़ जमनीपाली नया माइंस से कोयला लेकर पूंजीपथरा फैक्ट्री में अवैध रूप से खपाने ले जा रहे थे। दोनों वाहनों को से अवैध कोयला मय हाइवा जप्त कर तमनार पुलिस द्वारा वाहन चालकों पर कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के मुताबिक 25 अप्रैल 2023 को थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक प्रवीण मिंज अपने स्टाफ के साथ ग्राम डोंगामौहा, बेलजोर की ओर अपराध विवेचना, शिकायत जांच के लिए रवाना हुए थे। जहां उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि ओडिशा पासिंग दो हाईवा वाहन में चोरी का कोयला लेकर हाइवा चालक तमनार से पूंजीपथरा की ओर जा रहे हैं। तत्काल थाना प्रभारी अपने स्टाफ के साथ मुखबीर के बताए स्थान पर रवाना हुए पुलिस टीम के द्वारा दोनों संदिग्ध वाहन जिंदल कंपनी मेन गेट 4 के सामने सलिहाभांठा मेन रोड में पकड़े। हाइवा क्रमांक ओडी 14 एन /9524 के चालक मार्कंडेय राजभर तथा हाइवा क्रमांक ओडी 23/ 8416 के चालक सूरज पासवान बताए कि वे 23 अप्रैल की रात जामपाली नया माइंस से कोयला लेकर पूंजीपथरा फैक्ट्री में ले जा रहे थे । हाईवा चालकों के पास कोयला परिवहन का कोई कागजात नहीं था। वाहन में लोड कोयला चोरी की संपत्ति होने के पूर्ण अंदेशा पर पुलिस टीम द्वारा हाइवा क्रमांक ओडी 14 एन/ 9524 में लोड 19 टन कोयला एवं हाइवा क्रमांक ओडी 23/8416 में लोड 14 टन कोयला कुल 33 टन अवैध कोयला कीमत 2,30,000 का जप्त कर वाहन चालक मार्कंडेय राजभर पिता रमाशंकर राजभर उम्र 30 साल निवासी तिरनईखुर्द थाना उभांव जिला बलिया उत्तर प्रदेश हाल मुकाम वीरेंद्र यादव का मकान बनपाली थाना बनपाली जिला सुंदरगढ़ उड़ीसा और ड्राइवर सूरज पासवान पिता शिव कुमार पासवान उम्र 25 साल निवासी जलवार थाना इमामगंज जिला गया ;बिहारद्ध हाल मुकाम बरपाली थाना बलिंगा जिला सुंदरगढ़ उड़ीसा, पर अलग-अलग धारा 41;14 सीआरपीसीध 379 आईपीसी की कार्यवाही कर दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के उचित मार्गदर्शन पर अवैध कोयला की कार्यवाही में थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक प्रवीण मिंज, सहायक उप निरीक्षक खेमराज पटे, प्रधान आरक्षक अनूप कुजूर, संतोष कुर्रे, आरक्षक भूपेश राठिया और पुरूषोत्तम सिदार की अहम भूमिका रही है।

## 22 टन स्क्रैप से भरा ट्रक जब्त, अवैध कबाड़ के विरुद्ध जूटमिल पुलिस की कार्यवाही आरोपी जेल दाखिल

जोहार छत्तीसगढ़- रायगढ़।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर अवैध शराब, जुआ सट्टा एवं कबाड़ के विरुद्ध कार्यवाही के क्रम में थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक रामकिंकर यादव के नेतृत्व में 24 अप्रैल के शाम बड़वाल बेरियर के पास नाकेबंदी कर जूटमिल पुलिस मुखबिर सूचना पर उड़ीसा की ओर से ट्रक में अवैध कबाड़ ले आ रही ट्रक को पकड़ा गया है । वाहन को चेक करने पर उसमें लोहे के टुकड़े, एंगल, प्लेट वगैरह लोड थे । वाहन चालक किशोर कुमार साहू पिता गंगाराम साहू उम्र 23 साल निवासी ग्राम सेमरा वार्ड नंबर 03 शंकर मंदिर मोहल्ला थाना बुढहार जिला शहडोल मध्य प्रदेश ने बताया कि वह ओड़िशा राउरकेला से ट्रक में अवैध कबाड़ भरकर पूंजीपथरा की ओर जा रहा था। जूटमिल पुलिस द्वारा वाहन चालक से कबाड़ परिवहन के संबंध में कागजात पेश करने को कहने पर वाहन चालक कोई कागजात नहीं होना बताया जिस पर ट्रक क्रमांक एमपी 18 जी ए 2997 में लोड करीब 22 टन लोहे का स्क्रैप कीमत करीब 93000 का जप्त कर वाहन में लोड सम्पत्ति चोरी की संपत्ति होने पर विधिवत कबाड़ मय अवैध स्क्रैप के जब्ती कर आरोपी वाहन चालक किशोर कुमार साहू को थाने लाया गया। थाना जूटमिल में आरोपी के कृत्य पर इस्तगासा धारा 41;14 सीआरपीसी 379 आपीसी के तहत कार्यवाही कर आरोपी के परिजनों को कार्यवाही और गिरफ्तारी की सूचना देकर आरोपी को न्यायालय पेश कर न्यायिक रिमांड की मांग की गई । माननीय न्यायालय द्वारा न्यायिक रिमांड स्वीकृत किए जाने पर आरोपी को जूटमिल पुलिस द्वारा जिला जेल दाखिल किया गया है। नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर कार्यवाही में थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक रामकिंकर यादव, प्रधान आरक्षक रामनाथ बनर्जी तथा हमरा स्टाफ आरक्षक जितेश्वर चौहान, गणेश सिंह और प्रताप मिंज की अहम भूमिका रही है ।

## एक नजर

### चार करोड़ के मक्का बीज कहां है कक्का-उमेश अग्रवाल

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



किसानों की हितैषी बताने वाले भूपेश कक्का पर तंज कसते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने कहा चार करोड़ के मक्का बीज कहां है कक्का डीएमएफमद कांग्रेस सरकार के लिए घोटालों का बड़ा जरिया बन गया है। खनिज संपदा से भरे रायगढ़ जिले में डीएमएफ मद में करोड़ों की राशि आती है। यह राशि को सत्ता धारी दलों से जुड़े नेताओ के इशारे पर मनमानी तरीके से व्यय की जा रही है। इस मद से किए गए कार्यों का भौतिक सत्यापन की मांग करते हुए उमेश अग्रवाल ने कहा इस मद से कृषि विभाग ने पिछले दो सालो में हाइब्रिड मक्का बीज के नाम पर चार करोड़ रुपए व्यय किए हैं। यदि मक्का बिज दिए गए हैं तो मक्के की फसल आखिर कहां गई? मक्का उपार्जन के आकडों पर नजर डाले तो एक दाना भी उपार्जित नहीं किया गया है। किसानों को वितरित किया गया चार करोड़ का मक्का बिज आखिर कहां गया इसका जवाब आखिर कौन देगा? रायगढ़ जिले में खनिज न्यास निधि के दुरुपयोग और बंदरबांट पर लगाम कसने की मांग करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष ने कहा रायगढ़ की जनता खदानों के प्रदूषण की मार सहने को विवश है। आम जनता के हितों से जुड़े कार्यों को तवज्जो दिए जाने की बजाय प्रशासन भ्रष्टाचार की गुंजाईश वाले कार्यों को प्राथमिकता दे रहे। उमेश अग्रवाल ने तात्कालिक जिलाधीश से चार करोड़ के मक्का बीज वितरण के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए दोषियों अफ सरों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

### बासु अग्रवाल के निधन पर जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने शोक जताया

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



रामभाटा निवासी शिव शंकर अग्रवाल के भाई बासु अग्रवाल के निधन पर जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने गहरा शोक जताते हुए कहा कि वासु अग्रवाल की पृष्ठभूमि राजनैतिक रही। राजनीति के साथ साथ समाज व धर्म के प्रति भी उनकी रुचि रही। भाजपा नेता बिहारी अग्रवाल, बाबूलाल अग्रवाल एवं शिव शंकर अग्रवाल के भाई बासु अग्रवाल का निधन अपूर्णीय क्षति है। जिला भाजपा परिवार की ओर से शोक व्यक्त करते हुए जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्राथना करते हुए परमेश्वर से शोक संतृप्त परिवार को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना भी की है।

### अतीक अहमद के कुत्ते से मुख्यमंत्री द्वारा हाथ मिलाने की तस्वीर ओपी ने की साझा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



यूपी के दुर्दांत अपराधी अतीक अहमद के कुत्ते से तात्कालिक मुख्यमंत्री द्वारा हाथ मिलाए जाने की तस्वीर साझा करते हुए भाजपा प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी ने कहा अतिक का अंत जिस तरह से हुआ यह नहीं होना चाहिए। अतीक अहमद के अतीत को देखा जाए तो जिस समय उसका अपराध चरम सीमा में था इस समय प्रदेश के तात्कालिक मुख्यमंत्री अतिक अहमद के कुत्ते से स्टेज में हाथ मिलाते नजर आ रहे हैं। यह दृश्य इस जनता के लिए कितना पीड़ादाई होगा जिन्होंने चार दशकों तक अतिक अहमद के मफियाराज को भुगता होगा। भाजपा नेता ओपी ने कहा अपराधी राजनीति की शह पाकर ताकतवर बन जाते हैं और आम जनता को ऐसे ही ताकत वार बने माफियाओं से परेशान होना पड़ता है। चार दशकों तक सत्ता की छांव में फलने फूलने वाले इस दुर्दांत अपराधी का योगी राज में अंत यूपी की जनता के लिए राहत भरा संदेश साबित होगा।

## शासकीय प्राथमिक शाला तिलकडीह संकुल केंद्र पोड़ी में पढ़ाई तिहार का आयोजन किया गया

जोहार छत्तीसगढ़- रतनपुर।



छत्तीसगढ़ समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार 25 अप्रैल को अंगना में शिक्षा के तहत पढ़ाई तिहार का आयोजन किया जाना है। जिसमें आंगनवाड़ी के बच्चों और कक्षा दूसरी तक के बच्चों को लेकर के महिलाओं को सीधा स्कूल से जुड़ना है। इसी कड़ी में 25 अप्रैल को शासकीय प्राथमिक शाला तिलकडीह संकुल केंद्र पोड़ी, विकासखंड कोटा जिला बिलासपुर में पढ़ाई तिहार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अपनी गरिमामय उपस्थिति देते हुए विकासखंड कोटा के विकास खण्ड श्रोत समन्वयक प्रमोद कुमार शुक्ला एवं संकुल केंद्र पोड़ी के शैक्षिक समन्वयक सुखदेव कुमार पांडेय पूरे कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे 25 अप्रैल को पढ़ाई तिहार के दौरान सारंगढ़ बिलाईगढ़ एवं रायगढ़ जिले की अंगना में शिक्षा की जिला नोडल एवं डीआरजी सुनीता यादव ने अपना आतिथ्य स्वीकार करते हुए पूरे कार्यक्रम के दौरान सभी काउंटर में सामंजस्य स्थापित करते हुए महिलाओं के साथ अपनी गरिमामय उपस्थिति प्रदान की बीआरसीसी प्रमोद शुक्ला ने माताओं से प्रत्यक्ष बातचीत कर एवं बच्चों से विभिन्न गतिविधियों को करवा कर अपनी प्रसन्नता जाहिर की।




## खरसिया विकासखण्ड में अंगना म शिक्षा मेला-पढ़ाई तिहार का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़- रायगढ़।



राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के आदेशानुसार जिला कार्यालय समग्र शिक्षा के निर्देश पर खरसिया विकासखण्ड में अंगना म शिक्षा मेले में माताओं को ग्रीष्म अवकाश में घर में नौनिहाल बच्चों को कैसे सिखाएं जाना है अवगत कराया गया। माताएं अपने घर में खुशनुमा माहौल में बच्चों को कैसे तैयार करें, कैसे उन्हें पढ़ाई सरल विधि से स्थानीय सामग्रियों से जैसे आलू, प्याज, टमाटर, थाली, कटोरी, गिलास, फल-फूल, पत्ती, कंकड़-पत्थर, लकड़ी, प्लास्टिक डिब्बा खिलौने आदि से अक्षर ज्ञान, जोड़ना-घटाना, अंक पहचान, वर्ण पहचान आदि आनंद के साथ कैसे उन्हें सिखाएं यह सब बातें बताई गई। इस तरह से माताएं बच्चों के सर्वांगीण विकास, बौद्धिक विकास, मानसिक योग्यता आदि सभी पहलुओं को बारीकी से घर में रहकर ही बच्चों को खेल-खेल में सीखा सकती हैं। इसके लिए मेले का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के स्तर पहचान के लिए 9 काउंटर बनाए गए थे। सपोर्ट कार्ड वितरण करना, संतुलन बना कर चलना कूदना, संतुलन बनाना पेपर फोल्डिंग, बौद्धिक विकास मिलान करना पहचान करना, वर्गीकरण क्रम से लगाना, भाषा विकास, गणित पूर्वतयारी आकार पहचान गिनना, अंक पहचान जोड़ घटा, शारीरिक विकास, भाषा विकास, सामाजिक और भावनात्मक विकास उक्त गतिविधियों में माताओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और बच्चों से सभी गतिविधियों को कराये। साथ में जनभागीदारी के सदस्य, पालकगण भी उपस्थित रहे, आंगनबाड़ी के 5 से 6 आयु वर्ग के बच्चों को उक्त गतिविधियों में संलग्न किया गया ताकि उनके शाला आने के पूर्व उनकी तैयारी हो जाए। माताएं उन्हें घर में आनंदमय माहौल में बढ़िया से सीखा सकें, माताओ ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ इस मेले का लुफ्त उठाया, साथ ही साथ बच्चों को कैसे घर में पढ़ाना है यह भी उन्होंने सीखा। अंगना में शिक्षा-माताओं के लिए एक सीढ़ी का काम कर रही है उन्हें घर से बाहर अपनी अलग पहचान बनाने के लिए अपने बच्चों के नजर एक शिक्षिका के रूप में प्रथम गुरु का कर्तव्य निभाते हुए सभी माताओं में अंगना मा शिक्षा से प्रेरणा लिए और अपने-अपने बच्चों के स्तर को समझते हुए उन्हें आगे बढ़ाने का प्रयास करने के लिए बेड़ा उठा, हुए नजर आए। अंगना म शिक्षा से सभी माताओं पर बहुत ही सकारात्मक प्रभाव पड़ा है और वे प्रेरित हुई। इससे अब मातायें खुद से बच्चों को पढ़ाने के लिए आगे आती हैं। घर पर भी बच्चों को खेल-खेल में आनंद आए माहौल में पढ़ाने में स्वयं को सक्षम बनाने में यह कार्यक्रम अत्यंत सहायक है। ज्ञात हो के अंगना म शिक्षा कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। कार्यक्रम के संचालन में विकासखंड स्रोत केंद्र समन्वयक प्रदीप कुमार साहू एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी संकुलों के प्राथमिक विद्यालयों में यह कार्यक्रम बेहतर ढंग से क्रियान्वयन हो इस हेतु सभी संकुल प्राचार्य एवं सभी संकुल समन्वयकों को संकुल स्तर का मानिटरिंग अधिकारी नियुक्त किया गया था। इस तरह अंगना म शिक्षा (पढ़ई तिहार) मेले का विकासखंड खरसिया के सभी प्राथमिक विद्यालयों में बेहतर ढंग से संचालन एवं क्रियान्वयन किया गया।



# पढ़ाई तुहर द्वार शुभारंभ में शामिल हुई स्मार्ट माताएं

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।





25 अप्रैल 2023 3.0 अंगना मा शिक्षा कार्यक्रम का शुभारंभ ठाकुर नगर जोबी सो सोनपुर में माताओं को एक-एक काउंटर पर ले जाकर गतिविधि को कराया गया जिसमें सक्रिय माताएं एवम 5-6 साल के बच्चों के माताएं और शाला में पढ़ने वाले बच्चों की माताएं उपस्थित रही जिसमें शिक्षिका प्रमिला जांगड़े ने बताया कि इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी अपना सहयोग प्रदान किए और माताओं को हमेशा घर पर रहकर पढ़ने को सिखाने के लिए बताएं। एएमसी के माताओं द्वारा अन्य माताओं को घर पर गर्मी की छुट्टी पर रह कर अपने बच्चों को सिखाने हेतु प्रेरित कर अपनी मुख्य सहभागिता निभाए जिससे अन्य माताएं भी प्रेरित हुई जिसमें ग्राम ठाकुरनगर जोबी के सरपंच उपस्थित रहे जिन्होंने अपने वचनों से माताओं को अपने बच्चों को घर पर सिखाने के लिए प्रेरित किया और उनको निपुण भारत के अंतर्गत अंगना मा शिक्षा के महत्व को बताए तथा माताओं को सपोर्ट कार्ड दीया गया। प्राथमिक शाला जोबी के प्रधान पाठक द्वारा माताओं को घर पर रखे वस्तुओं से खाना बनाते बैल चराते और घरेलू काम करते हुए बच्चों को शिक्षा देने और छोटी-छोटी अंक अक्षर को सिखाने के लिए बोलने के लिए प्रेरित किया जिससे माताएं प्रेरित हुए और घर पर रहकर अपने बच्चों को सिखाने के लिए प्रण किए।

# सरकार किसानों को पैसा देना चाहती है टारगेट लीजिए, फॉलो कीजिए

* मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा ने ली अधिकारियों की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।




मुख्यमंत्री के सलाहकार, योजना, नीति, कृषि एवं ग्रामीण विकास प्रदीप शर्मा ने आज जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोरबा औद्योगिक जिला होने के साथ वनांचल क्षेत्र भी है। यहां आजीविका गतिविधियों को संचालित व विकसित करते हुए ग्रामीणों को रोजगार से जोड़ने की अपार संभावनाएं हैं। रूरल इंडस्ट्रियल पॉलिसी इसलिए बनाई गई है कि गांव उत्पादन का केंद्र बने, शहरों की आवश्यकताओं को पूरा कर सकें और सरकार द्वारा दिए गए लक्ष्यों के अतिरिक्त गतिविधियों का चयन भी स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान रखकर किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को अलग-अलग आजीविका गतिविधियों तथा उत्पादों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने पैसा देना चाहती है। आप सभी अधिकारी नेतृत्वकर्ता है इसलिए टारगेट लक्ष्य,लेकर इस दिशा में आगे बढ़िए। जिला पंचायत सभा कक्ष में बैठक लेते हुए मुख्यमंत्री के सलाहकार शर्मा ने जिले में संचालित नरवा, गौठान तथा रीपा की जानकारी ली। उन्होंने गौठान तथा रीपा की गतिविधियों को अलग-अलग संचालित करने, सभी ग्राम पंचायतों में गौठान को सक्रिय करने तथा गोबर खरीदी को बढ़ाने के निर्देश दिए। शर्मा ने राजस्व गौठानों की संख्या बढ़ाने आश्रित ग्रामों का चयन भी करने के निर्देश दिए।

## गोबर खरीदी बढ़ाने और गौठान तथा रीपा में सक्रियता बनाए रखने के दिए निर्देश

उन्होंने उपचारित नालों से स्वास्थ्य, जैव विविधता, जल संवर्धन तथा कृषि के क्षेत्र में आए परिवर्तन को रेखांकित करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। नरवा अंतर्गत संरचनाओं में आंशिक बदलाव तथा किसानों को इससे लाभान्वित करने के निर्देश देते हुए शर्मा ने कहा कि नाला बनने का लाभ किसानों को मिला हैए जागरूकता आने के साथ जल के प्रति सोच बदली है। उन्होंने जिले में औद्योगिक क्षेत्रों में मांग के अनुरूप उत्पाद तैयार करने की दिशा में कदम बढ़ाने और रोजगार उत्पन्न करने के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि बाजार में बहुत पैसा है। लोगों के पास भी पैसा पहुंचे, इसके लिए उत्पादन के साथ निर्माण के क्षेत्र में युवाओं की सहभागिता को बढ़ाने की आवश्यकता है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बिजली, पाली, शेड, मशीन, बैंक लोन, प्रशिक्षण आदि सुविधाएं भी दी जा रही है। इसके लाभ को बताते हुए युवाओं को इससे जोड़ा जाना चाहिए। शर्मा ने सोनहा लाख के उत्पादन के अलावा मत्स्य उत्पादन, फिशरिज पिकल दुग्ध उत्पादन, मुर्गीपालन को बढ़ाने, लोक निर्माण विभागए विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों की आवश्यकताओं के आधार पर सामग्री तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिन स्थानों पर रीपा संचालित है, वहां आसपास के पांच गांव को भी शामिल करने के निर्देश दिए।

# जनचौपाल में अपर कलेक्टर श्री साहू ने सुनी लोगों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

जनचौपाल में 116 लोगों ने आवेदन देकर बताई समस्याएं





जोहार छतीसगढ़-कोरबा।
जोहार छतीसगढ़-कोरबा।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में अपर कलेक्टर प्रदीप साहू ने लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। साहू ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों की एक-एक कर समस्याएं सुनी। जनचौपाल में 116 लोगों ने अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन प्रस्तुत किए। कोरबा तहसील अंतर्गत ग्राम खोड्डुल उरगा निवासी पोराबाई सोनवानी ने जनचौपाल में आवेदन देकर शिकायत किया कि वह गांव में समिति से वर्ष 2005 से खाना बनाने का प्रस्ताव दिया गया था। लेकिन उसे अब बिना सूचना के काम से हटा दिया गया है। जिसकी सूचना प्रभारी शिक्षक को भी नहीं दिया गया है। अपर कलेक्टर ने पोराबाई के आवेदन पर जिला शिक्षा अधिकारी को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। करतला तहसील के ग्राम बेहरचुंआ निवासी बलदु उरांव ने जनचौपाल में आवेदन देकर कहा कि गांव में उनकी लगभग दो एकड़ भूमि है जिसमें वे पिछले तीन पीढ़ी से काबिज हैं और खेती-बाड़ी कर अपना जीवन-यापन कर रहे हैं। जिस पर गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा उनके काबिज भूमि पर जबरन कब्जा की कोशिश की जा रही है और वाद.विवाद किया जा रहा है। बलदु उरांव के आवेदन पर अपर कलेक्टर ने करतला तहसीलदार को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है। इसी तरह ग्राम पंचायत चीतापाली के मुड़ापारा भैंसमा निवासी अमरदास ने आवेदन देकर बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग उरगा से पत्थलगांव चौड़ीकरण के लिए उसकी जमीन का अर्जन किया गया है। उसके निजी कच्चे मकान का मुआवजा राशि उसे न देकर किसी और को दे दिया गया है। इस पर एसडीएम कोरबा को कार्यवाही के लिए आवेदन अग्रेषित किया गया है। पोड़ी-उपरोड़ा विकासखण्ड के ग्राम मलदा निवासी यासूम कुरैशी ने अपने पुत्र.पुत्रियों के लिए जाति प्रमाण पत्र बनाकर देने की मांग को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर अपर कलेक्टर प्रदीप साहू ने एसडीएम पोड़ी उपरोड़ा को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। कोरबा तहसील के सराईपारा पीपर कोहड़िया वार्ड क्रमांक 16 निवासी सुमिन्त्रा महंत ने आजीविका चलाने के लिए दुकान लगाने कोहड़िया में स्थान देने की मांग की। अपर कलेक्टर ने सुमिन्त्रा महंत के आवेदन पर नगर निगम आयुक्त को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है। जनचौपाल में उपरोक्त आवेदनों के अलावा सीमांकन, नामांतरण, अतिक्रमण हटाने, ईलाज के लिए सहयोग की मांग सहित अन्य मांगों को लेकर लोगों ने आवेदन दिए।

# ठाकुर शोभा सिंह महाविद्यालय में संत कवि सूरदास की जयंती पर संगोष्ठी का कार्यक्रम का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-पालीडीही।




ठाकुर शोभा सिंह शासकीय महाविद्यालय पत्थलगांव में 25 अप्रैल 2023 को संत कवि सूरदास की जयंती पर हिंदी विभाग द्वारा संगोष्ठी का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें भूतपूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. राय प्रो. पाटले, भगत,मारकंडे सर,साहू सर,मंडावी सर, अल्पना कुजूर हुमी सिंह सहित सहित अन्य प्राध्यापक गण एम-ए हिंदी द्वितीय सेमेस्टर एवं चतुर्थ सेमेस्टर के साथ विज्ञान संकाय और राजनीति के स्नातकोत्तर छात्र -छात्राएं उपस्थित रहे स कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। इस कार्यक्रम में चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा की राखी सिदार की तरफ से सूरदास का पोस्टर निर्माण किया गया तथा उनके विषय में जानकारी दी गई। कविता यादव की तरफ से कविता पाठ किया गया। द्वितीय सेमेस्टर से मिंकेतन सिदार ने सूरदास का जीवन परिचय बताया आदिस इसके बाद पाटले सर का आशीर्वचन हुआ जिसमें उन्होंने सूरदास की जीवनी को छात्रगणों को आत्मसात करने की शिक्षा दी गई। साथ ही भगत सर, मारकंडे सर द्वारा मार्गदर्शन दिया गया स इस कार्यक्रम का सफल संचालन प्रो.अनुपमा प्रधान मैडम की अध्यक्षता में हूमी सिंह एवं अल्पना कुजूर द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को संपन्न कराने में हिंदी विभाग के शिक्षक गण एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों की मुख्य भूमिका रही।

# आदिवासी क्षेत्र धर्मांतरण के कारोबारियों का अड्डा बन गया - भाजपा

कांग्रेस सरकार सनातन समाज के उत्पीड़न में कीर्तिमान रच रही - भाजपा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।




जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा ने पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय, पूर्व सांसद राजा रणविजय सिंह जूदेव, जिला पंचायत अध्यक्ष रायमुनी भगत की उपस्थिति में महत्वपूर्ण पत्रकार वार्ता का आयोजन कियाएजिसमें पुलिस द्वारा डीडीसी गेंदबिहारी सिंह के साथ मारपीट किये जाने की घटना का निंदा करते हुए भाजपा ने दोषी पुलिस कर्मियों मे विरुद्ध कठोर कार्यवाही का मांग किया है इतना ही नहीं पुलिस पर गुंडागर्दी करने और प्रशासनिक आतंकवाद का भी गंभीर आरोप लगाते हुए मामले में संलिप्त एसडीओपी को जिले से बाहर भेजने का भी मांग तेज किया है।

## पत्रकार वार्ता के माध्यम से भाजपा ने कल सरगुजा संभाग बंद का ऐलान किया

ज्ञात हो की मंगलवार को बगीचा में डीडीसी गेंदबिहारी सिंह से पुलिस ने मारपीट किया जिसके बाद जिले भर से समर्थकों ने बगीचा थाना का घेराव कर चक्का जाम किया और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। फलस्वरूप पुलिस अधीक्षक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए 2 आरक्षकों को निलंबित करते हुवे एसडीओपी को जशपुर संबद्ध किया। इस कार्यवाही से भाजपा और संत सनातन धर्म के लोग संतुष्ट नजर नहीं आ रहे और गुरुवार को जशपुर जिला सहित सरगुजा संभाग बंद करने का अपील किया है। इस तारतम्य में घटना की निंदा करते हुए भाजपा ने जिला भाजपा कार्यालय में महत्वपूर्ण पत्रकार वार्ता का आयोजन किया और घटना में शामिल सभी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही का मांग किया है। इस दौरान भाजपा ने कांग्रेस की सरकार को भी आड़े हाथ लेते हुए जिले के तीनों विधायकों पर भी हमला बोला और कहा कि घटना के बाद से अभी तक पुलिस के खिलाफ तीनों विधायकों का कोई भी बयान नहीं आया है जिसमें उनकी मौन संलिप्तता प्रमाणित हो रहा है। भाजपा ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि डीडीसी पर हमला कांग्रेस के एक विधानसभा प्रत्यासी और रिटायर्ड कमिश्नर के इशारे पर ही हुआ है। कांग्रेस की सरकार में लगातार हिंदुओं का अपमान, सनातन संस्कृति को ठेस पहुंचाना, साम्प्रदायिक तुष्टीकरण और आतंक अपराध की घटनायें लगातार जारी हैं। अब ऐसी आतंकी कारवाइयों में पुलिस को भी कांग्रेस सरकार ने शामिल कर लिया है। प्रदेश के महान संत और सनातन धर्म संत समाज की स्थापना कर समूचे वन्य क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी समाज में सांस्कृतिक चेतना प्रवाहित करने वाले गाहिरा गुरु के पुत्र और जन प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता, हिन्दू आदिवासी नेता गेंदबिहारी सिंह के साथ बगीचा एसडीओपी शेर बहादुर सिंह ठाकुर, आरक्षक राजकुमार मनहर, आरक्षक संतोष उपाध्याय द्वारा जिस तरह सार्वजनिक रूप से बर्बरता पूर्वक मारपीट की गयी है। इसकी जितनी भर्त्सना की जाय वह कम है।

सम्पूर्ण घटनाक्रम को देखने पर यह साफ होता है कि किसी पुलिसकर्मी की ऐसी हिम्मत हो ही नहीं सकती कि इस तरह लोकप्रिय जनप्रतिनिधि के साथ दुर्व्यवहार करे। सीधी सी बात है कि ऐसा कांग्रेस के भूपेश गुट के इशारे पर, इसलिए किया गया है क्योंकि गेंद बिहारी सिंह भाजपा के समर्थक हैं। और सनातन संस्कृति के संवर्धन में सतत समर्पित रहते हैं। इससे पहले भी एक शोभायात्रा को संदिग्ध तस्करों द्वारा उसी जशपुर में रौंद दिया गया था। उसमें अनेक लोग हताहत हुए थे। लेकिन आज तक शासन ने उसकी तह तक जाने की जहमत नहीं उठायी। केवल इसलिए क्योंकि प्रदेश का आदिवासी क्षेत्र धर्मांतरण के कारोबारियों, रोहिंग्याओं आदि का अड्डा बन गया है। स्वयं शासन के मंत्री ने अंबिकापुर क्षेत्र में बड़ी संख्या में रोहिंग्याओं के बसाए जाने की बात की थी। समूचे क्षेत्र की डेमोग्राफी को तेजी से बदला जा रहा है। हाल के बीरनपुर में जिहादियों द्वारा भूनेश्वर साहु की मस्जिद में नृशंस हत्या और उस पर उल्टे पीड़ित पक्ष और आवाज उठाने वाले संगठनों को ही उत्पीड़ित करने का मामला हो, या फि र कबीरधाम में मुस्लिम अतिवादियों द्वारा किए गए उपद्रव को शासकीय संरक्षण की, या फिर बस्तर के नारायणपुर और सुकमा आदि में बार-बार चेताने के बावजूद परिवर्तित ईसाइयों द्वारा किए गए दंगे-फसाद की, हर मामला शासन प्रायोजित या संरक्षित लगता है। ऐसे हर मामले बिना शासकीय संरक्षण के संभव ही नहीं। कांग्रेस की सरकार लगातार दोमुही बात करती रही है। भले वोट की लिप्सा में भूपेश बघेल कालेनेमि बन जाएं लेकिन अपने ही मंत्रियों द्वारा सनातन के विरुद्ध बयानबाजी, उपद्रव, आदिवासी समाज को भड़काना, ये सब वास्तव में कांग्रेस के टूल किट का हिस्सा है। वह जान बूझ कर विभजानकारी राजनीति कर वे अपनी रोटी सेंकना चाहती है। भूपेश बघेल सीधे तौर पर सनातन द्रोहियों के हाथ में खेलते हुए भयादोहन की राजनीति कर रही है। पीड़ित सिंह के भाई चिंतामणि महराज स्वयं गृह विभाग के संसदीय सचिव अर्थात् राज्यमंत्री हैं। जब गृह विभाग से संबंधित विधायक के घर में यह हाल है तो शेष प्रदेश की आप कल्पना कर सकते हैं। कांग्रेस की गुटीय राजनीति किस तरह हो गयी है। इसे देखिए। विभागीय दायित्व चाहे जो हो, लेकिन पूरी सरकार में वन मैन शो चल रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने सरगुजा में कांग्रेस सरकार की इस बर्बरता और पुलिसिया आतंक के विरुद्ध कल गुरुवार 26 अप्रैल 23 को सरगुजा संभाग बंद का आयोजन किया है। इस दौरान नगरपालिका उपाध्यक्ष राजू गुप्ता, भाजयुमो अध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, विक्रमादित्य सिंह जूदेव, मण्डल अध्यक्ष संतोष सिंह, युवराज यशप्रताप सिंह जूदेव, गोविंद भगत,मीडिया प्रभारी फैजान सरवर खान मौजूद रहे।

## भाजपा की यह मांग

*दोषी पुलिसकर्मियों को तत्काल बर्खास्त किया जाये,इनके विरुद्ध उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच हो।*

** दोषियों पर एट्रोसिटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें तत्काल गिरफ्तार किए जाएं।*

** मुख्यमंत्री इस घटना के लिए समूचे प्रदेश और विशेष कर आदिवासी समाज से हाथ जोड़ कर माफी मांगें।*

## एक नजर

### विधानसभा अध्यक्ष विवेकानंद दास महंत के अध्यक्षता में जशपुर युवा कांग्रेस की मासिक बैठक सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़-पालीडीही।



बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष युवा कांग्रेस आकाश शर्मा जशपुर प्रभारी पूर्णिमा सेमरिया प्रदेश सचिव संजय पाठक, जिलाध्यक्ष अजित साय के निर्देशानुसार जशपुर युवा कांग्रेस का मासिक बैठक जिला सह प्रभारी रोशन पंडा की मुख्य अतिथ्य एवं विवेकानंद दास महंत विधानसभा अध्यक्ष जशपुर के अध्यक्षता में रेस्ट हाउस जशपुर में संपन्न हुआ जिसमे संगठन सम्बन्धी अनेको चर्चाएं हुयी मुख्य रूप से युवा कांग्रेस का बूथ जोड़ो अभियान पर जोर दिया गया ज्ञात हो की युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति इस बार उनके परफोमेंस बेस से होना है जिस ब्लॉक में जितना बूथ है उसका 50: में जो कमेटी बना लेगा उसे ब्लॉक अध्यक्ष पद में नियुक्ति दिया जायेगा यह प्रक्रिया ऑनलाइन के जरिये होना साथ ही जल्द जिला विधानसभा, ब्लॉक बॉडी बिस्तार करने पर चर्चाएं हुयी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष उपाध्यक्ष जशपुर विदेल भगत आफताब खान,सन्नी गुप्ता, रमीज खान, साजिद,प्रताप सिंह,दानिश खान, आशीष जॉनी, सनवीर अली, वकाश अली,सुधीर,दया, शिवम्बर एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहें।

### कांग्रेसी नेता शमशाद हुसैन के निवास पर मनाया गया ईद मिलन समारोह

जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।



हर वर्ष की तरह इस बार भी बड़ी धूमधाम के साथ ईद के मौके पर सभी गणमान्य नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति में ईद मिलन समारोह शानदार सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही उक्त अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज गवेल, शहर कांग्रेस के अध्यक्ष रणधीर शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सहिश भाजपा के वरिष्ठ नेता महेश साहू, पूर्व पार्षद और समाजसेवी बंटी सोनी, महिला कांग्रेस नेत्री नैना गवेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष महेतर उराव, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, नीरज पटेल, पार्षद गण लाला राठौर, परदेशी यादव, परीक्षित राठौर, सन्यासी मेहर, ज्योति सिदार, एलडरमेन संतोष राठौर, डॉ. दिलेशवर पटेल, बीएडीएसी प्रतिनिधि भोला राठौर, रिपुसूदन पाण्डेय,रितेश श्रीवास्तव, दिनेश शर्मा, बृजेश राठौर, इन्द राठौर, निखिल सिन्हा, बाबा वर्मा, नीतू गवेल, साजेश मनघोघर, टेकु रजक,विनय राठौर, शिवेनद गवेल, मुस्लिम समाज के रहमत हुसैन, मुजफ्फर हुसैन, खलील कुरैशी, जमाल, अख्तर हुसैन, सोनू साबरी सहित पुलिस विभाग के साथी और पत्रकार साथियों ने सभी ने उपस्थित होकर मुस्लिम समाज के काग्रेसी नेता शमशाद हुसैन को ईद की शुभकामनाएं दी और ईद मिलन समारोह का आनंद लिया।

### मुख्यमंत्री के सलाहकार ने जशपुर के फूड लैब का निरीक्षण किया

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सलाहकार, योजना, नीति, कृषि एवं ग्रामीण विकास प्रदीप शर्मा ने जशपुर के फूड लैब का निरीक्षण किया और स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पाद और पैकेजिंग की जानकारी ली। इस अवसर पर जशपुर विधायक विनय भगत, कलेक्टर डॉ रवि मित्तल, जिला पंचायत सीईओ जितेंद्र यादव, डीएफओ जितेंद्र उपाध्याय, सूरज चौरसिया, झारखंड से आए फॉरेस्ट विभाग के अधिकारी सिद्धार्थ, अतिथि गण एवं संभाग से आए संभाग स्तरीय टेक्निकल सपोर्ट, युवा वैज्ञानिक समर्थ जैन एवं विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# निजात अभियान के तहत पुलिस की बड़ी सफलता लाखों का गांजा परिवहन करते पिकअप जप्त

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।




23 अप्रैल 2023 को संध्या पेट्रोलिंग जुर्म जरायम पतासाजी के जरिए मुखबिर सूचना मिला की पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 25 एल 4895 में भारी मात्रा में अवैध रूप से गांजा सब्जियों के बीच छिपाकर परिवहन किया जा रहा है की सूचना पर पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह को अवगत करा कर अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवम एसडीओपी कोटा सिद्धार्थ बघेल के दिशा निर्देश पर पिकअप के आने वाले संभावित रास्ते में मोबाइल चेकप्वाइंट लगाकर चेकिंग की जा रही थी चेकिंग की भनक पाकर आरोपी अपने वाहन को उक्त रास्ते में न लाकर कुछ दूर पूर्व से ही दूसरे रास्ते ले जाकर ग्राम बरर जंगल की ओर छोड़कर भाग गया जिसे मुखबिर की सूचना पर मौके पर हमराह स्टाफ और गवाहों के पहुंचकर एनडीपीएस के प्रावधानों के तहत विधिवत कार्यवाही करते हुए उक्त पिकअप वाहन से 7 बोरियों में एक एक किलो का पैकेट बना प्रत्येक बोरी में 35/35 पैकेट भरा हुआ कुल जुमला वजनी 244 किलो 800 ग्राम एवं पिकअप वाहन को विधिवत जप्त कर अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी वाहन चालक की पतासाजी हेतु वाहन मालिक के पते पर पुलिस पार्टी भेजी गई है इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक ओपी कुर्रे के हमराह में प्रधान आरक्षक घनश्याम आदिल आरक्षक सत्येंद्र राजपूत ईश्वर नेताम आरक्षक राकेश पोर्ते का योगदान रहा।

# कटंगपाली में अवैध पत्थर खदान की लगी कतार,खनिज की खनन जोरों पर

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।





रायगढ जिले से अलग होकर सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला बनने के बाद बरमकेला अन्तर्गत आने वाले कटंगपाली के समीप ग्राम मौहापाली में अवैध खनन एवं परिवहन रूकने का नाम ही नहीं ले रहा है। रुकने का नाम तब लेता जब यहां अधिकारियों की टीम जांच करने आती लेकिन यहां तो किसी प्रकार की न बोर्ड लगाया गया है न ही किसी प्रकार की नाम सूचना पटल बनी हुई है। इससे क्षेत्र में कितनी जगह पर सरकार से लीज मिला है या कितनी फीट पर खुदाई करनी है इसकी जानकारी बोर्ड बनाकर साझा करना रहता है लेकिन ये सभी खदानों में किसी प्रकार की कोई बोर्ड या सरकार से परमिशन की कोई बोर्ड नहीं बना हुआ है। आस पास की ग्रामीणों का कहना है कि कोई दाता नामक व्यक्ति है जिसके द्वारा कराया जा रहा है वही तीन चार लोगों की सांठगांठ भी है लेकिन यह कैसे है किसका है इसकी जानकारी अभी तक अपुष्ट है बाकी जिले के अधिकारियों को बेखौफ पता है जिले में क्या हो रहा है नहीं हो रहा है सभी की जानकारी विभाग के पास होगा वही पत्थर खदान की दशा देखोगे तो सैकड़ों फीट गढ़ा बना दिया गया है। सरकारी तंत्रों की माने तो कही भी छोटी सी अवैधानिक कार्य होने की सूचना पर तत्काल विभागों की कार्यवाही दिखती है लेकिन कटंगपाली के ग्राम मौहापाली में स्थित अवैध रूप से सैकड़ों फीट गड्ढे अवेध पत्थर खदानों की जानकारी अब तक विभाग को नहीं हुई या जानबूझ कर अनजान बन बैठे है यह देखने वाली बात बनकर रह गयी है। वही आबादी बस्ती पर अवैध पत्थर खदान का होना कही न कही एक बड़ी घटना को नेवता देने की समान है यही नहीं यहां बिना किसी अधिकारी के सांठगांठ के कैसे यह सुचारू रूप से चल पाएगा यह भी प्रश्न चिन्ह के घेरे में दबदिल होते दिखाए दे रहे है। सड़कों पर डोलोमाइट,गिट्टी और



अवैध पत्थर के धुलाई से राष्ट्रीय राजमार्ग रोड को अवरुद्ध कर रहे हैं सायकिल और मोटरसायकिल सवारों को अत्यंत परेशानियों से सामना करना पड़ रहा है वही कोई अधिकारी नही जो इस रोड में आवागमन नही करते होंगे लेकिन किसी के कान में जूं तक नही रेंग रहे ऐसे में अधिकारियों की जिम्मेदारी कहा दिखाई दे रहा हैं बल्कि इनकी आगे तब्दील होते दिखाई दे रहे है। खनन माफियाओं के आगे अधिकारी सुस्त दिख रहे है वही अवेध लोडिंग पत्थरों से वाहन बेरोकटोक गुजरते नजर आ रहे हैं। दूसरी ओर शासन व प्रशासन इस गैर कानूनी कारोबार पर अंकुश लगाने में नाकाम हो रहा है। वैसे कटंगपाली के मौहापाली में दर्जनों अवैध खदान नजर आ रहे है वहीं खनिज विभाग की अगर बात करें तो खनिज विभाग के सरंक्षण में अवैध खनन का कारोबार खूब फल-फूल रहा है। ऐसे में माफियाओं की बल्ले-बल्ले हो रही है और वह रोजाना लाखों रुपए की चोरी कर अपने जेम भरने में लगें हुए हैं। सारंगढ़ बरमकेला के कटंगपाली में अवैध रुप से डोलोमाइट का खनन किया जा रहा है। तथा वहीं यहां किसी की भी लीज नहीं है इसकी जानकारी प्राप्त हुई है। अगर लीज रहती तो खदान के सामने या किसी छोर में बोर्ड बना रहता जिसपर। अवैध रूप से खनन कर माफिया बेखौफ होकर डोलोमाइट का अवैध खनन व परिवहन कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि यह पूरा गैरकानूनी कारोबार मिलीभगत के दम पर हो रहा है। इसमें कई प्रभावशाली लोगए जनप्रतिनिधि भी शामिल हैं इसकी जानकारी बड़ी विश्वस्त सूत्रो ने बताया है जहां जिससे माफ्यिाओं के हौंसले बुलंद हो रहे हैं और वह न्यायालय और कानून की सभी हदें पार कर अवैध करोबार को अंजाम दे रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि डोलोमाइट माफियाओं द्वारा रात के अंधेरे में और दिनदहाड़े यह पूरा गैरकानूनी कारोबार किया जा रहा हैद्य जिसके बारे में खनिज विभाग, राजस्व विभाग, व अन्य विभागों को भली भांति जानकारी होने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं किया जा रहा है। सारंगढ.बिलाईगढ़ जिले समस्त अधिकारी आंख बंद कर अवेध कारोबारियों को संरक्षण देने की भांति न ध्यान दे रहे है लोगों में चौराहों में यही बात सुनने को मिल रहा है। यही नहीं ग्रामीणों का कहना यह भी है कि अधिकारियों के बिना जानकारी में इतने बड़े गड्ढे कैसे कर लिए जबकि इसके बगल में स्कूल भी संचालित है फिर भी आज पर्यंत तक किसी प्रकार से कोई कार्यवाही नही कर रहे इसकी चहल पहल चौक चौराहों में गूंज रही है।

## एक नजर

### बिजली समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों की समस्या को तत्काल निराकरण किया-हीरामणी निकुंज

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।



ग्राम पंचायत अमरपुर में विगत एक सप्ताह से बिजली की समस्या से ग्रमीणों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। बिजली न होने से बहुत सारी समस्याएं उतपन्न हो रही थी। ग्रमीणों ने इसमी सूचना जिला पंचायत सदस्य एवं विद्युत समिति के सभापति हीरामणि निकुंज को दिया गया। ततपरता दिखाते हुए तत्काल उच्च संबंधित अधिकारियों से बात करके तत्काल ट्रांसफ ार्मर लगवाने की मांग किया गया। उनकी मांगों को तत्काल पूरा किया गया। और अमरपुर में नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। हीरामणि निकुंज खुद ग्राम पंचायत अमरपुर पहुंच कर अपने साथियों के साथ ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिसे अमरपुर के ग्रमीणों ने हीरामणि निकुंज का आभार व्यक्त किया। साथ ही हीरामणि निकुंज ने कहा कि आप की जो भी समस्या है, वो मेरी समस्या है,आगे भी किसी प्रकार की समस्याएं आप लोग को आती है, तो मैं सदैव आपको के लिए खड़ी हुं। उनके साथ मौजूद गांव के ग्रामीण व इंद्रदेव निकुंज व सरपंच नरसिम्हा पैंकरा, गणेश राम, लक्षमण पैंकरा, संतोष राम, मिथलेश कुमार सिंह, विष्णु प्रताप सिंह, राम विनय पैंकरा, पंच रतनसाय, सुनील कुमार, पारसनाथ, जोगेंद्र, पुरषोत्तम, रोशन पैंकरा सहित उपस्थित रहे।

### गोधन न्याय की समीक्षा बैठक सम्पन्न

* सक्रिय गोबर विक्रेताओं की संख्या बढ़ाएं-जिपं सीईओ

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सुश्री लीना कोसम की अध्यक्षता में गोधन न्याय योजना अंतर्गत गोबर खरीदी, सक्रिय गोबर विक्रेता, गोबर से वर्मी खाद रूपान्तरण एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में समीक्षा बैठक आहूत की गई। गोधन न्याय योजना अंतर्गत जिले के समस्त गौठानो में प्रतिदिन 2 क्विंटल गोबर खरीदी करने, सभी गौठानो में गोबर विक्रय हेतु सक्रिय गोबर विक्रेताओं की संख्या बढाने हेतु निर्देषित किया। जिले के समस्त गौठानो में गौठान प्रबंधन समिति की बैठक 30 अप्रैल 2023 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने हेतु निर्देषित किया गया तथा बैठक में योजना के महत्व जैसे जैविक खेती के फ ायदे, वर्मी खाद एवं गौ मूत्र का उपयोग तथा गौठान प्रबंधन समिति के सदस्यों को मिलने वाले मानदेय आदि के बारे में आवष्यक रूप से चर्चा करने हेतु निर्देषित किया गया। ऐसे गौठान जहां कन्वर्जन प्रतिषत अपेक्षाकृत कम है। वहां जिला एवं विकास खण्ड स्तर के अधिकारियों को निरीक्षण कर वहां आने वाली समस्याओं का समाधान करने हेतु निर्देषित किया गया। बैठक में उप संचालक कृषि प्रदीप कुमार एक्का, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राजेष सेंगर, सहायक संचालक कृषि संदीप सिन्हा एवं आर एल.भारिया, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अभिषेक झा, सभी विकास खण्डों के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी तथा समस्त गौठान प्रभारी स्टाफ, गौठान के नोडल अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

# बूथ सशक्तिकरण विधानसभा स्तरीय बैठक धरमजयगढ़ में संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार धरमजयगढ़ में विधानसभा स्तरीय बैठक संपन्न हुई। आगामी चुनाव में भाजपा का परचम लहराने पार्टी बूथ स्तर को मजबूत बनाने जुट गई है। जिसके लिए बूथ सशक्तिकरण अभियान चला रही है। इस अभियान के लिए अनेक स्तरों पर बैठक की जा रही है। धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर रजनीश सिंह विधायक बेलतरा ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। जिन्होंने कहा कि बूथ इकाई संगठन की नींव है। जिसका बूथ मजबूत है उसे कोई नहीं हरा सकता है। बैठक के अंत में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष स्वर्गीय राजेश शर्मा के आत्मा के शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक को जिला भाजपा महामंत्री अरूणधर दीवान, विधानसभा प्रभारी राकेश तिवारीए, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष टीकाराम पटेल संबोधित किया। इस बैठक जिला एवं मंडल पदाधिकारी, शक्तिकेंद्र प्रभारी, संयोजक सह संयोजक सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्पोकन इंग्लिश क्लास यूथ क्लब में कलेक्टर ने किया आकस्मिक निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



कलेक्टर तारन प्रसाद सिन्हा द्वारा स्पोकन इंग्लिश क्लास यूथ क्लब का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें उन्होंने बच्चों से उनके शिक्षक के बारे में पूछा गया। उन्होंने बच्चों से अंग्रेजी में पुछा हूं इज योर टीचर बच्चों ने स्वामी आत्मानंद के प्रधानपाठक सत्यजीत पुरकायस्थ का नाम लिया। वहीं सत्यजीत ने अपने

टीम के शिक्षक रूबी दुबे और राहुल कुमार यादव के बारे में बताया। कलेक्टर ने शिक्षकों से पूछा कि आपके द्वारा क्या-क्या सिखाया गया है। शिक्षकों ने टीचिगं एड दिखाते हुए कहा कि यह मॉडल बच्चे इंग्लिश में एक्सप्लेन कर सकते हैं। जिसमें एक हाउस है, उसके चारों तरफ कुछ पेड़ पौधे बगीचे आदमी चीजें है। जिससे इंग्लिश में एक्सप्लेन कर सकते हैं। छात्रा दीक्षा प्रजापति जो की हिंदी मीडियम की छात्रा के द्वारा इंग्लिश में एक्सप्लेन किया गया। जिसे देखकर वहां उपस्थित सभी अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी बी.वॉखला एवं सहायक आयुक्त रायगढ़, विकास खंड शिक्षा अधिकारी रविशंकर सारथी प्रभावित हुए। शिक्षक सत्यजीत द्वारा बताया गया कि प्रतिदिन इंगलिश क्लास की वीडियो क्लिप टीचिंग अपडेटस की जाती हैं। गर्मी में स्पोकन इंगलिश क्लास में 44 बच्चों की उपस्थिति बच्चों में सीखने की ललक दिखती है।



## देवरी पाली जलाशय की मरम्मत 15 दिवस में निराकरण नहीं हुआ तो गांव वालों के साथ करेंगे आंदोलन-टिकेश्वर गवेल

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



सक्ती ब्लाक अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत देवरी में स्थित देवरी पाली जलाशय 1977.78 में बनना शुरू हुआ था। इस जलाशय से पानी आपूर्ति 1980.81 में शुरू हुई। सालों तक इस जलाशय से क्षेत्र के दर्जनभर गांवों के हजारों एकड़ भूमि को पानी आपूर्ति होती थी पर हसदो बांगो परियोजना शुरू होने बनने के बाद से इसकी उपयोगिता कम होती गई। अब यह प्रशासन की उपेक्षा का शिकार है। आलम ये है कि पहले जहां इस जलाशय से सक्ती क्षेत्र के पाली, देवरी, डंगबोरा, जगदल्ली, जगदल्ला, ढोलनार, देवरमाल, डडई, बैलाचुवा, जाजंग सहित विभिन्न गांवों के हजारों एकड़ जमीन को पानी आपूर्ति होती थी वहीं अब केवल देवरी और पाली गांवों को ही पानी आपूर्ति हो पा रही है। वर्तमान में यह जलाशय सुख चूका है। जलाशय नियमित देखरेख के अभाव में जीर्ण शीर्ण अवस्था में है। इतना ही नहीं गेट का एक हिस्सा पूरी तरह से टूट चुका है। जिसे मरम्मत किए जाने की जरूरत है। पिछले वर्ष 2022 में लगातार हो रही बारिश के चलते यहां पर बांध गेट के पास का एक हिस्सा पूरी तरह टूटने की स्थिति निर्मित हो गई और स्थिति को देखते हुए तत्कालीन एसडीएम रैना जामिल जी द्वारा आसपास के घरों को खाली कराकर रेस्क्यू चलाया गया और टूट रहे हिस्से में लगभग 3000 बोरी रेत की पटाई कर आसपास के लोगों को सुरक्षित किया गया। इस दौरान शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बात कर मेरे द्वारा इसकी स्थाई निराकरण कराने की बात कही गई जिस पर उनके द्वारा शासन से प्राक्लन मंगा गया है करके बताया गया था। अभी तक विभाग को राशि आवंटित नहीं की गई है जिसके चलते देवरी पाली जलाशय का गेट के पास सुधार कार्य नहीं किया जा सका है।

# मुख्यमंत्री के सलाहकार ने मधेश्वर महादेव मंदिर में की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि के लिए की प्रार्थना

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सलाहकार,योजना, नीति, कृषि एवं ग्रामीण विकास प्रदीप शर्मा ने जशपुर जिले के कुनकुरी विकासखंड के मयाली नेचर पार्क के समीप स्थित ऐतिहासिक मधेश्वर महादेव मंदिर दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने ने मंदिर पहुंचकर महादेव की पूजा अर्चना की कर प्रदेश के लोगों की सुख समृद्धि की कामना की। प्रदीप शर्मा ने मधेश्वर पर्वत के तराई में स्थित मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए गुफ ा का अवलोकन किया। कुनकुरी विधायक एवं संसदीय सचिव यूडी मिंज ने प्रदीप शर्मा को जानकारी देते हुए बताया की अभी हाल ही में मुख्यमंत्री यहां आये थे और यहां की पूरी जानकारी उनके साथ साझा किया है यहां के बैगा ने भी यहां की पूरी जानकारी देते हुए मधेशवर महादेव शिवलिंग और गुफ ा के बारे विस्तृत रूप से जानकारी दिया यहां पर हर मन्नत पूरी होती है प्रदीप शर्मा ने यहां माथा टेका और पूरे प्रदेश के लिए सुख समृद्धि की कामना की है और इस स्थल को वैश्विक पटल पर स्थापित करने की बात कही है साथ ही मंदिर निर्माण के इतिहास के संबंध में जानकारी ली।

# सच्चे सनातनी तारिक फतेह का निधन अपूर्णीय क्षति-उमेश अग्रवाल

* जीते जी करते रहे धार्मिक कट्टरता का विरोध

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




पूरे जीवन सदैव धार्मिक कट्टरता का विरोध करने वाले तारिक फ तेह साहेब के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने कहा वे सच्चे सनातनी थे और इस संक्रमण काल में देश को आप जैसे विचार वान व्यक्ति की अधिक जरूरत थी। ऐसे समय में आपका निधन समाज, भारत और भारतवाद का बड़ा नुकसान है। खुद को सच्चा हिन्दुस्तानी मानने वाले लेखक तारिक फ तेह विभाजन की विडम्बनाओं पर निरंतर पांच दशकों तक मुखर रहे। वे सदा धार्मिक कट्टरता का विरोध करते रहे। इस्लाम की विसंगतियों पर उनकी किताबें बहुचर्चित हुई। पाकिस्तानी मूल के कनाडाई लेखक और स्तंभकार तारिक फ्तेह का निधन देश के अपूर्णीय क्षति है। पंजाब के शेर, हिन्दुस्तान का बेटे, कनाडा का प्रेमी, सत्य के वक्ता और न्याय के योद्धा का निधन हो गया है।

उनकी क्रांति उन लोगों के लिए आगे भी जारी रहेगी। जो उन्हें जानते थे और प्यार करते थे। पाकिस्तान के एक मुस्लिम परिवार में जन्मे तारिक भारत विभाजन के बाद मुंबई से राची पाकिस्तान चले गए। उन्होंने जैव रसायन में कराची विश्वविद्यालय से डिग्री के साथ स्नातक किया। वह 1960 और 1970 के दशक में एक वामपंथी छात्र नेता थे।। सैन्य शासन द्वारा उन्हें दो बार कैद किया गया था। 1977 में जिया-उल- हक शासन द्वारा उन पर राजद्रोह का आरोप लगाया गया। उनके पत्रकारिता करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। वह कुछ समय सऊदी अरब में रहे। 1987 में कनाड़ा जाकर बस गए। उन्होंने जमकर शरिया कानून का विरोध किया। इस्लाम के एक उदार और प्रगतिशील विचारों की वकालत की। उन्होंने खुद को पाकिस्तान में पैदा हुआ एक भारतीय और इस्लाम में पैदा हुआ एक पंजाबी कहा। वे पाकिस्तानी धार्मिक और राजनैतिक प्रतिष्ठान के मुखर आलोचक थे। वह कनाड़ा के टोरटों रेडियो स्टेशन के प्रसारक रहे। जॉन मूर मार्निग शो के नियमित योगदान कर्ता रहे। 2011 से 2015 तक तारिक फ्तेह शो की मेजबानी की। 2012 के बाद कनाडा के अखबार टोरटों सन के लिए नियमित कालम लिखा।

# विधायक आशीष छाबड़ा के प्रयासों से बनेगा कुम्हीगुड़ा से भाठासोरही मार्ग के बीच में उच्च स्तरीय पुल

उच्च स्तरीय पुल निर्माण हेतु 2012.59 लाख रुपए की स्वीकृति ग्रामवासियों ने विधायक का जताया आभार

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा के अथक प्रयासों के चलते बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र को एक और सौगात मिली है इस बार यह सौगात कुम्हीगुड़ा बचेडी भाठासोरही मार्ग पर शिवनाथ नदी के ऊपर 20 करोड़ 12 लाख 59 हजार के उच्च स्तरीय पुल निर्माण के रूप में मिली है।





इस उच्च स्तरी पुल के निर्माण से जहां लगभग 25.30 ग्रामों को सीधा लाभ प्राप्त होगा वही इस क्षेत्र के निवासियों को अपने तहसील मुख्यालय बेरला जाने के लिए तय करने वाली दूरी 30 किलोमीटर अब मात्र 10 से 15 किलोमीटर के बीच रह जाएगी वही दुर्ग की दूरी भी 15 से 20 किलोमीटर कम हो जाएगी साथ ही साथ इस मार्ग से होकर राजधानी रायपुर जाने में लगभग 25 किलोमीटर की कमी आएगी ज्ञात हो कि कुम्हीगुड़ा से भाठासोरही के बीच शिवनाथ नदी पर उच्च स्तरीय पुल ना हो पाने के कारण ग्रामीणों को वर्षा ऋतु में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था तहसील मुख्यालय जाने के लिए लगभग 35 से 40 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती थी वहीं राजधानी जाने के लिए लगभग 80 किलोमीटर की दूरी का सफ र करना पड़ता था साथ ही साथ आस-पास के गांव में भी जाने के लिए इन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था विधायक आशीष छाबड़ा अपने क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयासरत है जिस के कड़ी में उन्हें यह सौगात प्राप्त हुई है। इस पुल के निर्माण से आने वाले समय में क्षेत्र में आर्थिक विकास भी होगा साथी व्यापार.व्यवसाय के अवसर भी ग्रामीणों को प्राप्त होगा पुल निर्माण से क्षेत्र में आवागमन सुलभ हो सकेगा जिसका सीधा प्रभाव इस क्षेत्र के व्यापार व्यवसाय पर पड़ेगा विधायक आशीष छाबड़ा ने इस पुल की स्वीकृति पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रविंद्र चौबे,लोक निर्माण विभाग मंत्री ताम्रध्वज साहू का आभार व्यक्त किया है जिनके छत्रछाया में बेमेतरा विधानसभा नित नए विकास के सोपान तय कर रहा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन**, फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in